

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 28 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-121 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट की प्रक्रिया शुरू

**डिप्टी सीएम विजय शर्मा के पत्र पर केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा- जांच करवाई जा रही है**





रायपुर,28 जुलाई। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भारतीय सेना में 'बस्तर रेजिमेंट' के गठन को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री को एक पत्र लिखा था। इस पर मंत्री राजनाथ सिंह ने जवाब भेज दिया है। उन्होंने पत्र का जवाब देते हुए लिखा कि मामले की जांच करवाई जा रही है। उन्होंने 26 जून को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा था कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं। ये दुर्गम क्षेत्रों की विषम परिस्थितियों में भी गुरिल्ला युद्ध में अभ्यस्त हैं। भारतीय सेना में "बस्तर रेजिमेंट का गठन राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक स्थिरता में योगदान देने वाली एक रणनीतिक पहल होगी। यह बस्तर के युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने के लिए एक सुनियोजित मार्ग प्रदान करेगी। साथ ही क्षेत्र में गौरव, अनुशासन और आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देगी। अतः भारतीय सेना में 'बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किये जाने का सादर अनुरोध है। वहीं अब मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पत्र का जवाब देते हुए लिखा कि प्रिय श्री विजय शर्मा जी आपका पत्र प्राप्त हुआ जो भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किए जाने के संबंध में है। उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है। इधर सीएम विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मांग की थी मंत्री जी का जवाब भी आ गया। अच्छा रहेगा.. स्थानीय लोगों को नौकरी मिलेगी।



## साय ने की भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना

**रायपुर 28 जुलाई.** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज सपत्नीक श्रीमती कौशल्या साय के साथ विश्वप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की परिक्रमा कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पंच दिवसीय महा चतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् महाअनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर प्रदेश की उन्नति, सामाजिक सद्भाव और लोकमंगल की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भोरमदेव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का गौरवशाली प्रतीक है। ऐसे महाअनुष्ठान हमारी प्राचीन वैदिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और लोककल्याण की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आगामी 30 जुलाई से भगवान शिव की आराधना का पावन श्रावण मास प्रारंभ होने जा रहा है। पिछले दो वर्षों से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के साथ भोरमदेव धाम पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रतीक भी है। उल्लेखनीय है कि श्री महादिव्य देशम फाउंडेशन के तत्वावधान में 25 जुलाई से प्रारंभ यह पंच दिवसीय महाअनुष्ठान कबीरधाम सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक कल्याण की भावना से आयोजित किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रमुख राजीव राकुल स्वामी (केरल) के अनुसार यह अनुष्ठान प्राण-प्रतिष्ठित मंदिरों के शुद्धिकरण एवं दिव्य ऊर्जा के पुनर्संचार की प्राचीन वैदिक परंपरा पर आधारित है, जिसे भगवान परशुराम स्रोतम तथा आगम शास्त्रों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है।

### टिप्पर की टक्कर से बाइक सवारों की मौत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जगदलपुर-चित्रकोट मुख्य मार्ग पर सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। बड़ांजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छापर भानपुरी के पास तेज रफ्तार टिप्पर ने पीछे से एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे टिप्पर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़ांजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, जगदलपुर भिजवाया। मृतकों की पहचान छापर भानपुरी निवासी पीलाराम कश्यप और जीरो राम के रूप में हुई है।

### विद्युत विभाग की गाड़ी ने महिला को कुचला

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के कॉलेज रोड पर एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ सड़क पार कर रही एक महिला दोहरे हादसे का शिकार हो गई। पहले एक ओमनी कार ने महिला को ठोकर मारी, जिससे वह सड़क पर गिर गई। इसके ठीक बाद पीछे से आ रहे विद्युत विभाग के एक वाहन ने सड़क पर गिरी महिला को बेरहमी से कुचल दिया। इस भीषण हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अनियंत्रित होकर पलटी बस, 10 से ज्यादा यात्री घायल

**दंतेवाड़ा,28 जुलाई।** जिले में आज तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां महेंद्रा ट्रेवल्स की एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 10 से 12 यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने भी मामले की जांच शुरु कर दी है। यह



हादसा भांसी थाना क्षेत्र में हुआ है। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी महेंद्रा ट्रेवल्स की बस धुरली के पास मंगलवार सुबह करीब साढे 4 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद भांसी के जवानों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। जवानों ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में 10 से 12 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल, जबकि अन्य को बचेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## जापान में सबसे बड़ा भूकंप सुनामी का अलर्ट जारी

**टोक्यो,28 जुलाई।** जापान में भीषण भूकंप आ गया है। देश के दक्षिणी हिस्से में आई आफत के बाद सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। खबर है कि इस भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई है। वॉर्निंग दी गई है कि इस दौरान समुद्र की लहरें कई फीट ऊंची तक उठ सकती हैं। इसके अलावा स्थानीय एजेंसी ने जापान के कम से कम 7 क्षेत्रों के लिए भूकंप की चेतावनी भी जारी की है। जापान के मौसम विभाग के मुताबिक, 7.1 का भूकंप कुमामोटो में दर्ज किया गया है। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जापान के भूकंप स्केल पर यह सबसे बड़ा भूकंप माना जा रहा है, जिसकी तीव्रता शिंदो 7 माफी गई है। मौसम विभाग ने सुनामी अलर्ट जारी करने के बाद लोगों से समुद्र और तटीय स्थानों से दूर रहने के लिए कहा है। खबर है कि इस भूकंप के बाद न्यूक्लियर प्लांट अभी तक सुरक्षित हैं। इनमें किसी तरह की कोई खराबी नहीं पाई गई है। एजेंसी का कहना है कि सुनामी की चेतावनी कुमामोटो के पश्चिमी तट पर स्थित आरिएक बे के लिए जारी की गई है। यह टोक्यो से करीब 900 किमी की दूरी पर है। साल 2016 में भी कुमामोटो में भीषण भूकंप आया था, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। तब 1800 लोग घायल हुए थे और हजारों घर भी तबाह हो गए थे। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यात्सुहिरो, उतो और माशिकी और मिसातो में शिंदो स्केल पर 6 का भूकंप दर्ज किया गाय है। साथ ही नागासाकी, कागोशिमा, फुकुओका, सागा और मियाजाकी में भी 5 या इससे कम की तीव्रता के झटके महसूस किए गए हैं। कहा जा रहा है कि भूकंप का केंद्र उकी में 10 किमी नीचे था। रिपोर्ट में क्युशु इलेक्ट्रिक के हवाले से कहा गया है कि कुमामोटो में करीब 45 हजार 600 घरों की बिजली गुल हो गई है।

### मदननगर हिंसा मामले में 150 ग्रामीणों पर FIR दर्ज

**सूरजपुर,28 जुलाई।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदननगर गांव में 24 जुलाई को कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले के मामले में बड़ा एक्शन देखने को मिला है। इस घटना में पुलिस ने 15 नामजद और 100 से 150 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि यह पूरा मामला प्रतापपुर थाना क्षेत्र के मदननगर गांव का है। 24 जुलाई को टीम 5 आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस दौरान ग्रामीणों ने लाठी-डंडा, फरसा और टंगिया से हमला कर दिया था।

## बालोद में 2.45 लाख महिलाएं करेंगी पौधारोपण

**बालोद,28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य पहली बार 30 जुलाई को 'महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान' आयोजित किया जाएगा. इस अभियान को सफल बनाने के लिए बालोद जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं. कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के प्रयास में जुटे हैं. जिले में महतारी वंदन योजना की 2 लाख 45 हजार से अधिक लाभान्वित महिलाओं के साथ-साथ अन्य महिलाओं की भी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है. प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला अपने घर, आंगन या उपयुक्त सार्वजनिक स्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम का हिस्सा बने. विशेष बात यह है कि महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे. अभियान में करीब सवा दो लाख पौधे वन विभाग की नर्सरियों से उपलब्ध कराए जा रहे हैं. कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि बालोद जिले में 2 लाख 45 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे, जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है. उन्होंने कहा कि बालोद के पर्यावरण पार्क को पौधे रोपण के लिए चुना गया है. जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आम नागरिक से अपील की जा रही है ताकि इस मुहिम को सफल बनाया जाए. इसके अलावा आधिकारिक वेबसाइट mybalod.com पर नागरिक पौधे के साथ ली गई अपनी फोटो या सेल्फी अपलोड कर सकेंगे और ऑनलाइन प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) भी डाउनलोड कर सकेंगे. कलेक्टर ने बताया कि अब तक 2 लाख से अधिक गड्ढे खोदे जा चुके हैं और पौधों की आपूर्ति भी संबंधित स्थानों तक पहुंचा दी गई है. बालोद जिले के 440 से अधिक ग्राम पंचायतों में 2 लाख पौधों का वितरण भी किया जा चुका है.

**सीजेपी प्रोटेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

## लाठीचार्ज की जांच हो, जवाबदेही भी तय हो

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह भी तय किया जाना चाहिए कि हिंसा की जिम्मेदारी किसकी थी। सुनवाई के दौरान सीजीआई सूर्यकांत ने कहा कि शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, लेकिन बाद में हालात बिगड़ गए। उन्होंने कहा कि इसके पीछे दो संभावित कारण हो सकते हैं। पहला, पुलिस द्वारा जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया गया हो और दूसरा, प्रदर्शन में ऐसे तत्व शामिल हो गए हों जिन्होंने जानबूझकर हिंसा भड़काने की कोशिश की हो। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे मामलों के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल तैयार किया जाता है तो भविष्य में जिम्मेदारी तय करना और जांच



करना अधिक आसान होगा। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों की भूमिका तय करने के लिए एक समान व्यवस्था आवश्यक है। अदालत का मानना है कि स्पष्ट दिशा-निर्देश होने से किसी भी विवाद की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि यदि कुछ लोग हिंसा में शामिल थे तो उनके खिलाफ अलग से एफआईआर दर्ज की जा सकती थी, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ पुलिसकर्मी बिना वर्दी के मौजूद थे और उनके पास हथियार भी थे, जिन्होंने कथित तौर पर बल प्रयोग किया।गौरतलब है कि जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस के गोले भी छोड़े थे। इसी कार्रवाई को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुनवाई जारी है।

## विदेश सचिव अचानक पहुंचे चीन

**नई दिल्ली,28 जुलाई।** भारत और चीन के बीच इस वक्त बैठकों का दौर चल रहा है। जहां से सामने आई तस्वीरें दोनों देशों के रिश्तों में हो रहे सुधार की ओर इशारा करती है। क्योंकि भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिश्री खुद इस वक्त बीजिंग के दौरे पर हैं। जहां पर उन्होंने चीनी अधिकारियों के साथ मैराथॉन बैठकों को अंजाम दिया है। भारतीय विदेश सचिव जिन्हें चीन के मामलों का अच्छा जानकार माना जाता है। वह इस वक्त बीजिंग पहुंचे हुए हैं। जहां पर वह एक खास मिशन के तहत गए हैं। उन्होंने सोमवार 27 जुलाई को चीन की उप विदेश मंत्री हुवा चुनिएंग और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के कई गद्दावर नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकों को अंजाम दिया है। इन बैठकों का मकसद सिर्फ मेलजोल को बढ़ाना नहीं था। बल्कि दोनों देशों के बीच बिगड़े हुए संतुलन को वापस पटरी पर लाना था। इस बातचीत का सबसे अहम हिस्सा भारत और चीन की सीमा पर शांति और स्थिरता पर बातचीत करना था। दोनों देशों ने आधिकारिक तौर पर माना है कि अगर रिश्तों को आगे बढ़ाना है तो सरहद पर अमल कायम करना पहली शर्त है। भारत दूतावास के मुताबिक दोनों पक्षों ने स्वीकार किया है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखना द्विपक्षी संबंधों के लिए अनिवार्य है। यानी कि भारत और चीन दोनों ही देश चाहते हैं कि दोनों के बॉर्डर पर शांति की स्थिति बनी रहे। तभी दोनों देश विकास की ओर काम कर पाएंगे। इन बड़ी बैठकों में सीमा विवाद के अलावा जिन बातों पर चर्चा हुई वो व्यापार, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक आदान-प्रदान था। दोनों देशों ने इस बात को फिर से दोहराया है कि भारत और चीन एक दूसरे के लिए विकास के अवसर हैं। व्यापारिक बाधाओं को कम करने और आपसी सहयोग के नए रास्तों को तलाशने पर गंभीर चर्चा हुई। विक्रम मिश्री का यह दौरा इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि वह पहले चीन में भारत के राजदूत थे। यानी कि उन्हें चीनी कूटनीति की गहरी समझ है। इसलिए वह भारत की ओर से पक्ष रखने के लिए बेहतर आदमी हैं। हाल ही में मनीला में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांगी के बीच बातचीत हुई थी तभी वहां से जो बयान आया था वो यही था कि भारत और चीन आपस में साझेदार हो सकते हैं। और अब विदेश सचिव का यह चीन दौरा उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की एक कड़ी मानी जा रही है।

## मोदी का पोस्ट हटाने पर मेटा को आईटी मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली,28 जुलाई।** आईटी मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी की फेसबुक पोस्ट गलती से हटाने के मामले में मेटा के ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी हेड को तलब किया है। यह पोस्ट पेपर लीक पर युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी के कड़े कदम उठाने के वादे से संबंधित थी, जिसे मेटा ने तकनीकी त्रुटि बताते हुए बहाल कर दिया है, लेकिन मंत्रालय ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा है।सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा के ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी हेड को तलब किया है। यह कदम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवाओं के नाम एक फेसबुक पोस्ट को कुछ समय के लिए हटाए जाने के बाद उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने मेटा से उस पोस्ट को हटाने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। यह पोस्ट 23 जुलाई को 'कॉकरोच जनता पार्टी' द्वारा आयोजित छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान पब्लिश किया गया था। बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों पर एके-47 के कथित इस्तेमाल को लेकर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना इस वीडियो में युवाओं के लिए प्रधानमंत्री का संदेश था, जिसमें उन्होंने पेपर लीक को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का वादा किया था। इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि पोस्ट गलती से हटा दी गई थी और अब उसे बहाल कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, "कंटेंट गलती से हटा दिया गया था और अब उसे बहाल कर दिया गया है।" 23 जुलाई को अपलोड किए गए इस वीडियो में, 'कॉकरोच जनता पार्टी' के आयोजित छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान पीएम मोदी का 'जेन-जी' (युवा पीढ़ी) के लिए संदेश दिखाया गया।



**छत्तीसगढ़ में राज्य खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित**

## चयनकर्ताओं में निष्पक्षता व गंभीरता की जरूरत

**जसवंत क्लॉडियस,वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार टीवी कमेंटेटर.रायपुर**

दूसरों के अलग हटकर कुछ करने वालों के लिए प्रोत्साहन बहुत अर्थ रखता है। जीवन में उपलब्धि का क्षेत्र चाहे जो भी हो, एक खास समय, उपयुक्त दिन अगर उसको पुरस्कार योग्य समझा जाता है तो संबंधित के लिए गर्व की बात होती है। सम्मान मिलने की वजह भी एक कारण है कि खेलकूद का दायरता बढ़ता जा रहा है। प्राचीन खेल, परंपरागत खेल, लुप्तप्राय खेल तथा वर्तमान खेल करके खेल को विभाजित किया गया है। आज की परिस्थिति में अलग-अलग देशों में अलग अलग खेल लोकप्रिय है परंतु अगर इस विश्व में खेल सम्राट बनने की सोचे तो अब वही देश यह गौरव पा सकता है जिसके खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक जीतते हैं। आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1886 में हुई तब से लेकर अब तक कभी संयुक्त राज्य अमेरिका, कभी सोनियत संघ, कभी चीन ने ओलंपिक खेलों में प्रथम स्थान पाया है। इसके अलावा जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड जैसे देश भी पहले दस स्थान पर रहे हैं। भारतीय परिदृश्य खेलकूद में प्रोत्साहन और पुरस्कार का विशेष महत्व है। अभिभावक हो या प्रशिक्षक या प्रायोजक सभी चाहते हैं उनके खिलाड़ी जीते। इससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक लाभ प्राप्त होता है। छत्तीसगढ़ में भी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है। इन दिनों छत्तीसगढ़ सरकार के खेल विभाग द्वारा प्रदेश के खिलाडि़यों को पुरस्कृत करने के लिए पूर्व वर्षों की तरह खेल पुरस्कार के आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये हैं। छत्तीसगढ़ में खेल पुरस्कारों की घोषणा के पूर्व खिलाडि़यों द्वारा प्रस्तुत आवेदन की गंभीरता से जांच किए जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ के खिलाडि़यों को शहीद राजीव पांडे, शहीद कौशल यादव, शहीद पंकज विक्रम, वीर हनुमान सिंह, और शहीद विनोद चौबे सम्मान दिया जाता है इसके अलावा मुख्यमंत्री ट्रॉफी दी जाती है। अलग अलग अवार्ड के लिए पृथक पृथक मापदंड निर्धारित किया गया है. शहीद राजीव पांडे पुरस्कार केवल मान्यता प्राप्त विधाओं के सीनियर वर्ग के प्रतिभावान खिलाडि़यों को दिया जाता है। शहीद कौशल यादव पुरस्कार केवल जूनियर खिलाडि़यों को दिया जाता है। शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार केवल प्रतिभावान खिलाडि़यों को अधिकृत राज्य संघ की अनुशंसा से दिया जाता है। शहीद विनोद चौबे पुरस्कार के उन वरिष्ठ खिलाडि़यों ,सक्रिय खेल हस्तियों को दिया जाता है जिन्होंने खेल में दीर्घकालिक योगदान दिया है। वीर हनुमान सिंह पुरस्कार केवल अर्हता प्राप्त प्रशिक्षकों या रैफरी/निर्णायकों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री ट्राफी राष्ट्रीय चैंपियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले दल या व्यक्तिगत विधा वाले को दिया जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता स्पष्ट है इसके बावजूद एक खराब अनुभव छत्तीसगढ़ के खेल व खिलाड़ियों, अभिभावकों को है।इस प्रकार पुरस्कार में योग्यता स्पष्ट है फिर भी लगभग प्रत्येक वर्ष पुरस्कारों को लेकर विवाद होता है। जैसे ही पुरस्कारों की घोषणा होती है आरोप-प्रत्यारोप का दौर आरंभ हो जाता है। यह एक गलत परंपरा है। इसके लिए सीधे तौर पर नियम बनाने वाले नहीं बल्कि चयन करने वाले दोषी हैं। क्योंकि साफ है कि जब भी पुरस्कृत खिलाडि़यों की घोषणा की जाती है उसके पूर्व उसकी योग्यता की जांच गंभीरता से नहीं की जाती है। खिलाडि़यों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों, निर्णयकों को अपना कामकाज छोड़कर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना पड़ता है यह एकदम गलत परंपरा है। स्पष्ट है कि चयनकर्ता किसी न किसी के दबाव में आते हैं और उनकी निष्पक्षता धरी की धरी रह जाती है। इस प्रकार की घटना से हमारे राज्य का नाम पूरे भारत में खराब होता है। जब कभी हमारे खिलाड़ी दसरे राज्य में खेलने जाते हैं तो उनकी हंसी उड़ाई जाती है। इस व्यवस्था से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना भूल जाते हैं। अतः इस प्रकार के राज्य खेल अलंकरण के लिए चयनित लोगों के नाम उनकी योग्यता एवं उपलब्धि को हर हालत में सही जांचकर ही दिया जाना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ की तपोभूमि से समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेशः पुरंदर मिश्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,28 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा आयोजित श्रीगुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता उत्तर रायपुर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन की शुरुआत गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ श्लोक के साथ की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान, संस्कार और जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है।

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद पहली बार संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर इतने व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रारंभ किया गया ÷श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान÷ संत रविदास महाराज के समरसता, समानता, सेवा और मानवता के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

मिश्रा ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के गुरु हैं। भारतीय जनता पार्टी देश के संतों, ऋषियों और महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी विचारधारा में कोई व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी समान हैं और सभी का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति की, जबकि भारतीय जनता पार्टी संतों के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सभी वर्गों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों, ऋषियों और तपस्वियों की पावन तपोभूमि है। यहां की संस्कृति सेवा, समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समरसता संकल्प अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाकर संत गुरु रविदास महाराज के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

### साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा

साजा विधायक श्री ईश्वर साहू ने हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का संकल्प ले। यह अभियान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का स्मरण कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचकर नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करने का आह्वान किया।

### भिलाई जिला प्रभारी श्री रामजी भारती ने कहा

भिलाई जिला प्रभारी श्री रामजी भारती ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन समरसता, समानता, सेवा और मानवता का जीवंत संदेश है। उनके विचार समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर से प्रारंभ होने वाला श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान÷ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का जनआंदोलन है।उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाते हैं। भारतीय जनता पार्टी संतों और महापुरुषों के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इन अभियानों को बूथ स्तर तक सफल बनाने का आह्वान किया।

### जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम देवांगन ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2026 (गुरु पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (संत गुरु रविदास महाराज जयंती) तक जिले के सभी मंडलों एवं बूथों में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संगोष्ठियां, सामाजिक समरसता संवाद, सेवा कार्य, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि आगामी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलेभर में तिरंगा यात्राएं, घर-घर तिरंगा वितरण तथा राष्ट्रध्वज के सम्मान से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की कार्ययोजना के अनुसार प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर इन अभियानों को सफल बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ÷राष्ट्र प्रथम÷ की भावना और संतों के आदर्शों के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता इन अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, चन्द्रा केशवलू, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल एवं सुषमा जेठानी, जिला मंत्री विनोद सिंह, रश्मि सिंह, भारती साहू, मनोज तिवारी, पारस जंघेल, सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह, कार्यालय सह प्रभारी राजेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, विजय सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज जायसवाल, सोशल मीडिया सह प्रभारी ज्ञानदास मानिकपुरी, आईटी सेल संयोजक बॉबी चौहान, सुभाष शर्मा, मो. जाकिर हुसैन, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### नौकरी दिलाने के नाम पर 1.50 लाख की ठगी

**भिलाई,28 जुलाई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के कृषि विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 1.50 लाख की ऑनलाइन ठगी की है। आरोपी ने खुद को मंत्रालय में क्लर्क बताकर महिला से पैसे ऐंठ लिए और उसके मूल दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। के बाद सुपेला शिकायत की जांच थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है सुपेला पुलिस ने बताया कि कोहका शिवाजी नगर निवासी श्रीमती नितिन गुप्ता (40 साल ) की फेसबुक के माध्यम से रायगढ़ निवासी अर्जुन कसेर से पहचान हुई। आरोपी ने स्वयं को रायपुर मंत्रालय - के कृषि विभाग में क्लर्क बताते हुए अपने प्रभाव से सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया आरोप है कि नौकरी लगाने के नाम पर अर्जुन कसेर ने महिला से 1,50,000 की मांग की। नौकरी मिलने की उम्मीद में महिला ने अपने सोने के गहने गिरवी रखकर राशि की व्यवस्था की और आरोपी के बताए यूपीआई आईडी पर अलग-अलग किस्तों में पैसे ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने नौकरी की प्रक्रिया का हवाला देते हुए महिला से पासपोर्ट साइज फोटो, कोरे हस्ताक्षरयुक्त कागज, ग्रेजुएशन की मूल अंकसूची व अन्य मूल दस्तावेज भी मंगवा लिए महिला का आरोप है कि पैसे लेने के बाद न तो नौकरी लगवाई गई और न ही रकम या दस्तावेज वापस किए गए। बाद में आरोपी ने मोबाइल भी बंद कर दिया महिला की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने जांच की जांच में प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी अर्जुन कसेर के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।

### साइकिल चोर गिरफ्तार



**भिलाई,28 जुलाई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पिछले दो माह के दौरान साइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर नेवई ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से चोरी की 6 नग रेंजर साइकिल बरामद किया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि प्रार्थी आनंद पाटिल निवासी तेलगूपारा मरोदा टंकी नेवई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 जुलाई को उसके पुत्र द्वारा घर के सामने खड़ी की गई रेंजर साइकिल (पॉपस्टार विक्टरी, काला रंग) अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर थाना नेवई में धारा 303 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई विवेचना के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान पवन जंघेल (32 साल ) निवासी लोधीपारा, वार्ड क्रमांक 16, खैरागढ़ जिला केसीजी के रूप में की गई। इसके बाद आरोपी को नेवई ओवरब्रिज के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया पूछताछ के दौरान आरोपी ने पिछले लगभग दो माह में थाना नेवई क्षेत्र के स्टेशन मरोदा बस्ती बीआरपी कॉलोनी, मौहारी मरोदा एवं तेलगूपारा मरोदा सहित विभिन्न स्थानों से कुल 06 नग साइकिल चोरी करना स्वीकार किया आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई 06 नग रेंजर साइकिल बरामद किया गया।

### लोगों का डराने वाले गिरफ्तार



**भिलाई,28 जुलाई।** भिलाई सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्लॉटर हाउस सुपेला के पास दो व्यक्ति अपने-अपने हाथों में धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले आम नागरिकों एवं कचरा फेंकने वाले लोगों को हथियार लहराकर डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर थाना सुपेला पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा दोनों संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की आरोपियों ने अपना नाम एस. जोसवा राज (22 साल) निवासी कृष्णा नगर सुपेला एवं बी. डेविड (30 साल ) निवासी तेलगु पारा, सेक्टर-06 बताया तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक बड़ा धारदार हथियार एवं एक चापड़ बरामद किया है।

# जल की मात्रा व गुणवत्ता को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारीःपुनीत चौबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,28 जुलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र द्वारा शनिवार दिनांक 25 जुलाई 2026 को भारत में जल का महत्व और उसका प्रबंधन, वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) विषय पर एक तकनीकी परिचर्चा का आयोजन जे एन पाण्डेय, शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय, बैरन बाजार रायपुर में किया गया।

कार्यक्रम में श्री एम आर सावंत, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, प्रोफेसर आलोक शर्मा, पूर्व प्राचार्य, शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय, श्रीमति सुचिता पाण्डेय, प्राचार्य,जे एन पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय बैरन बाजार रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डा आर पी देवांगन, पूर्व उपमहाप्रबंधक सेल/ भिलाई इस्पात संयंत्र विशिष्ट अतिथि वक्ता थे7 कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की छत्तीसगढ़ केंद्र के अध्यक्ष श्री पुनीत चौबे ने की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की छत्तीसगढ़ शाखा के अध्यक्ष श्री पुनीत चौबे ने अपने स्वागत उद्बोधन में द इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स की गतिविधियों और उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्री चौबे ने उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों से आव्हान किया कि पृथ्वी पर उपलब्ध जल की मात्रा और गुणवत्ता को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी भी है और नैतिक दायित्व है।विशिष्ट अतिथि वक्ता डा आर पी देवांगन ने अपने पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण में जल से सम्बंधित सभी मुद्दों को बहुत व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया । उन्होंने बताया कि यदि जल के प्रति हमारा नजरिया उपेक्षापूर्ण रहा तो इसकी हमें आने वाले भविष्य में बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। डा देवांगन ने कहा कि पानी का सीधा सम्बन्ध हमारे देश के विकास से है ।उन्होंने कहा कि वर्षा जल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसको संरक्षित करना, इसका भंडारण करना तथा इसके माध्यम से भूमिगत जल को रिचार्ज करना हम सभी का दायित्व है । उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने की वैज्ञानिक विधि को विस्तारपूर्वक समझाया डा देवांगन ने चलित मॉडल के माध्याम से भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग को समझाया । पूर्व प्राचार्य शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय एवं प्रोफेसर राज्य शैक्षिक अनुसंधान केंद्र डा आलोक शर्मा ने अपने प्रस्तुतीकरण में आज से 50 वर्ष पश्चात काल्पनिक जल संकट और उपलब्धता की स्थिति से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यदि हम इसी तरह जल का दुरुपयोग करेंगे तब सन 2070 में हमे नहाने के लिए भी जल उपलब्ध नहीं होगा। डा शर्मा ने कहा कि जल की सीमित उपलब्धता से उद्योग बंद हो जायेंगे और सिर्फ जल निर्माण संयंत्र ही रोजगार का साधन बनेंगे। उन्होंने वर्तमान में जल उपयोग के प्रति संवेदनशील होने पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित रहे।पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम आर सावंत ने अपने उद्बोधन में सभी शासकीय भवन , स्कूल तथा अस्पतालों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने पर बल दिया 7 उन्होंने उपस्थित बच्चों से आवाहन किया कि वह अपने परिवार के सभी सदस्यों को जल के महत्व तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के विषय में जागरूक करें। श्री एम आर सावंत ने सुझाव दिया कि वर्तमान में शासन सौर उर्जा संयंत्र के लिए सब्सिडी देता है उसी प्रकार रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु भी सब्सिडी प्रदान करे। प्राचार्य,जे एन पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय बैरन बाजार रायपुर श्रीमति सुचिता पाण्डेय ने इतने महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों को ज्ञान साझा करने हेतु द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र का आभार प्रकट किया और आशा व्यक्त किया तकनीकी विषयों पर भविष्य में इस तरह के ज्ञानवर्धक प्रस्तुतीकरण किये जायेंगे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अभियंता श्री प्रेम कृष्ण गर्ग, श्री सत्य भटनागर , श्रीमती पुष्पा चौबे, विद्यालय के सम्मानित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना शर्मा, व्याख्याता, शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री के के वर्मा , पूर्व मानसेवी सचिव द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) , रायपुर ने दिया ।

# शहर में अवैध बैनर-पोस्टर के खिलाफ निगम का अभियान तेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर, 28 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाए गए बैनर एवं पोस्टर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीम द्वारा सड़कों एवं प्रमुख मार्गों पर स्थापित ट्यूबलर तथा विद्युत पोल से अवैध बैनर-पोस्टर को लगातार हटाया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि विद्युत एवं ट्यूबलर पोल पर लगाए गए बैनर-पोस्टर कई बार सड़क किनारे दृश्यता को प्रभावित करते हैं, जिससे वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों एवं अन्य बाधाओं को देखने में परेशानी हो सकती है। इससे सड़क दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इसके अलावा शहर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत प्रचार सामग्री लगाए जाने से शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता प्रभावित होती है। आयुक्त के निर्देश पर निगम द्वारा ऐसे अवैध बैनर एवं पोस्टर को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निगम अमला विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विद्युत एवं ट्यूबलर पोल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए अनाधिकृत बैनर-पोस्टर को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। अवैध बैनर पोस्टर हटाए जाने के संबंध में महापौर परिषद से भी संकल्प पारित है।नगर निगम भिलाई ने नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों से अपील की है कि सार्वजनिक संपत्तियों, विद्युत एवं ट्यूबलर पोल तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर बिना अनुमति के बैनर-पोस्टर न लगाएं।

# स्वामी विवेकानंद अकादमी के प्रशिक्षु युवक-युवतियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने टी शर्ट वितरित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 28 जुलाई।** कबीरधाम जिले के युवक-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा पुलिस, सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती के लिए शारीरिक एवं लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 100 युवक-युवतियों को अकादमी की टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।युवक-युवतियों के मनोबल को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक प्रेरित करने के उद्देश्य से आईपीएस श्री धर्मेंद्र सिंह की प्रेरणा, वनमंडलाधिकारी श्री निखिल अग्रवाल तथा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से अकादमी की टी-शर्ट उपलब्ध कराई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों को टी-शर्ट प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं तथा भर्ती प्रक्रियाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अकादमी जिले के युवक-युवतियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच है, जहाँ उन्हें अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प सफलता की आधारशिला हैं। यदि युवक-युवतियाँ पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं लगन के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में सतत प्रयास करते रहें, तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी।उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग श्रीमती अभिलाषा पांडा ने कहा कि युवक-युवतियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं के लिए सक्षम बनाना विभाग की प्राथमिकता है। ऐसे प्रेरणादायी प्रयास उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं तथा उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। टी-शर्ट प्राप्त कर युवक-युवतियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईपीएस श्री धर्मेंद्र सिंह, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का प्रोत्साहन उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित होकर तैयारी करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक घनाराम सिन्हा, प्रशिक्षक आरक्षक दशरथ साहू, सुश्री रीना शर्मा सहित स्वामी विवेकानंद अकादमी के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियाँ उपस्थित रहे।

### खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**दुर्ग, 28 जुलाई ।** राज्य शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने हेतु 31 जुलाई 2026 तक समय सीमा तय किया गया है।उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियो का प्रकोप, लगातार अवर्षा की स्थिति निर्मित होना ओला वृष्टि आदि से होने वाले नुकसान से बचाने पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है। खरीफ वर्ष 2026 में दुर्ग जिले अन्तर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणि एवं अऋणि दोनो प्रकार के कृषको को जमा करने होंगें।



### 15 अगस्त के उपलक्ष्य में विविध स्पर्धाएं आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत के सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया 493 व 1120 के हितग्राहियों और बच्चों के साथ निबंध लेखन, पेंटिंग, क्विज़ आदि स्वतंत्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर परिषद सदस्य संदीप निरंकारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह और प्रधानमंत्री आवास योजना के उप अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य ठाकुर, किरण चतुर्वेदी, लिपिक नरेश ढाकुलकर एवं डोमेश पाली उपस्थित रहे।

# तस्कर नशीली दवा सहित गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 28 जुलाई।** भिलाई कुम्हारी पुलिस को अवैध नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट की तस्करी पर बड़ी सफलता मिली है एसीसीयू और कुम्हारी थाने पुलिस ने नशीली दवाई को बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे तस्कर को अहिवारा रोड पर रामपुर चोरहा चौक के पास धर दबोचा आरोपी तस्कर मो. अनवर ( 43 साल ) हाल निवास कैवल्य पार्क ग्राम परसदा कुम्हारी एवं स्थायी पता ग्राम पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम का रहने वाला है। कार्रवाई में 1000 नग टेबलेट, कार, नगदी एवं मोबाइल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि रामपुर चोरहा चौक अहिवारा रोड कुम्हारी के पास एक मो. अनवर मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार के साथ अवैध रूप से नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना पर थाना कुम्हारी पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई मौके पर आरोपी को कार सहित पकड़ा गया आरोपी से प्रत्येक में 50 नग वाली 20 पत्ता अल्प्राजोलम टेबलेट कुल एक हजार टेबलेट अनुमानित कीमत 4 लाख रुपए, मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार कीमत 3 लाख रुपए, नगदी रकम एक लाख रुपए एवं एक रियलमी मोबाइल फोन 5 हजार रुपए कुल मिलाकर 8 लाख 5 हजार रुपए की सामग्री जब्त की गई पूछताछ में आरोपी द्वारा अवैध रूप से अल्प्राजोलम टैबलेट अपने कब्जे में रखना स्वीकार किया गया

### शिकायत पर प्रापर्टी डीलर के खिलाफ मामला दर्ज

**भिलाई 28 जुलाई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां प्रॉपर्टी डीलर लखन सिंह निवासी डिपरा पारा, पोटिया रोड वार्ड नं. 39 के खिलाफ पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है शिकायतकर्ता प्रविन्दर सिंह चाने निवासी मालवीय नगर, दुर्ग ने आरोप लगाया है कि लखन सिंह ने उनकी कीमती जमीन को औने-पौने दामों में हड़पने के लिए डराया-धमकाया और बंदूक की नोक पर जबरन दस्तखत करवाए। पीड़ित का आरोप है कि लखन सिंह ने अपने ऑफिस में बिठाकर लाइसेंसी बंदूक की नोक पर सौदा करने और सरकारी मूल्य पर रजिस्ट्री कराकर बाजार मूल्य का पैसा बाद में देने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने कागजात पढ़ने का मौका दिए बिना जबरन हस्ताक्षर करवा लिए और रजिस्ट्री की कॉपी भी नहीं दी आरोपी पर आरोप है कि उसने मैसेज और कॉल के जरिए कानूनी पचड़े में फंसाने और झूठे मामले दर्ज कराने की धमकियां दीं? स्थानीय सूत्रों और शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी लखन सिंह क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग के कारोबार से जुड़ा रहा है। खसरा नंबरों में हेरफेर कर और फर्जीवाड़े के जरिए जमीनों को अपने या अन्य नामों से बेचना और खरीदारों/मालिकों को डराना-धमकाना उसकी कार्यशैली का हिस्सा बताया गया है। मोहन नगर पुलिस ने प्रविन्दर सिंह चाने की शिकायत पर धारा 296 और 351(2) (भारतीय न्याय संहिता) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ आंदोलन पर कर रहा है विचारःसंजय सोनी

**कवर्धा, 28 जुलाई।** सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सोनी ने कहा कि देश भर में छात्रों द्वारा अपनी मांगों के लिए किए जा रहे आंदोलनों से संविदा कर्मचारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।



सोनी ने कहा कि जिस तरह छात्र अपनी पढ़ाई, भविष्य और अधिकारों के लिए एकजुट होकर सड़कों पर उतरते हैं, उसी तरह संविदा कर्मचारियों को भी अपनी *नियमितीकरण, समान वेतन और सम्मान* की मांग के लिए एकजुटता दिखानी होगी।उन्होंने कहा ड्÷छात्र आंदोलन हमें सिखाते हैं कि जब तक आवाज बुलंद नहीं होगी, सरकार तक बात नहीं पहुंचेगी। संविदा कर्मचारी 20-20 साल से सेवा दे रहे हैं, लेकिन आज भी असुरक्षा के साए में जी रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम भी छात्र शक्ति की तरह अनुशासन, एकता और संघर्ष के साथ अपनी मांग रखें।सोनी ने सभी विभागों के संविदा साथियों से अपील की कि वे संगठन से जुड़ें, नकारात्मकता छोड़ें और आंदोलन की तैयारी में सहयोग करें। उन्होंने कहा सरकारें तभी सुनती हैं जब कर्मचारी एकजुट होकर अपनी बात रखता है। छात्र कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं हम भी इस प्रदेश और देश की व्यवस्था की रीढ़ हैं।



### हाईस्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,28 जुलाई।** शासकीय हाई स्कूल निपानी में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत बालिकाओं की सायकल वितरण किया गया । केंद्र व राज्य सरकार की महती योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार से कोई दिक्कत न हो। बालिकाओं को सायकल मिलने पर सभी ने खुशी जाहिर की साथ ही जनप्रतिनिधि, पालकगण, शिक्षकगण,ने सभी विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।प्रमुख रूप से जनपद सभापति रवि सिन्हा,शाला विकास समिति अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मंगल साहू, भरत निर्मलकर,धनीराम सिन्हा,नरेश सिन्हा,तोमन सिन्हा,अजय साहू, प्रचार्या हेमलता बेलदार, शिक्षकगण उपस्थिति रहे।

### भिलाई-03 जोन प्रभारी ने यातायात व्यवस्था का जायजा लिया

**भिलाई,28 जुलाई।** भिलाई ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज क्षेत्र में लंबे समय से बनी यातायात संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए यातायात पुलिस दुर्ग ने विशेष अभियान चलाया इस दौरान यातायात भिलाई-03 जोन प्रभारी ने क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान पाया कि ट्रांसपोर्ट नगर की मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग, सड़क किनारे वाहनों की मरम्मत तथा दुकानों के सामने वाहनों के खड़े रहने के कारण यातायात बाधित हो रहा है इस से आम नागरिकों, छोटे-बड़े वाहनों एवं आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्ट संचालकों, वाहन मालिकों, दुकानदारों एवं मैकेनिकों की बैठक आयोजित कर सभी को यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क को अवरोध मुक्त रखने के संबंध में समझाइश दी गई बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर में उपलब्ध पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें तथा किसी भी स्थिति में मुख्य सड़क पर वाहन खड़े न करें साथ ही क्षेत्र के मैकेनिकों को भी निर्देशित किया गया कि वे सड़क पर वाहन खड़ा कर किसी प्रकार का रिपेयरिंग कार्य न करें ।

## एक नजर

### पिछले विजेता युगान्तर पब्लिक स्कूल की बालक अंडर-19 बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्णपदक जीता



**राजनांदगांव 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी राजनांदगांव के बालक बास्केटबॉल खिलाड़ियों से सज्जीत युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालकअंडर 19 की बास्केटबॉल टीम सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल श्री श्री एकेड़मी सिलीगुड़ी 49-18 से परास्त कर स्वर्ण पदक जीता । सेमीफाइनल में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने ज्ञान विकास इंग्लिश मिडियम स्कूल को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया था। क्वार्टर फाइनल मैच में युगन्तर स्कूल की टीम ने बुरनपुर रिवर साइड स्कूल बुरनपुर को 44-06 पॉइंट्स से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।। उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि युगन्तर स्कूल की टीम पिछ्ले कई वर्षो से क्लस्टर और नेशनल चैंपियन है। स्कूल की टीम ने आर्या वर्त पब्लिक स्कूल खुर्दा को 49-00 अंको से, दिव्या आर्या विद्यापीठ बिष्णुपुर को, क्वार्टर फाइनल में मेजबान बुरनपुर रिवर्शड़े स्कूल बुरनपुर को 44-06 अंको से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में यूँगाटर पब्लिक स्कूल की टीम का मुकाबला सेंट जेवियर हाई स्कूल कटक से होगा। स्कूल की टीम इस प्रकार है :- सुभम सिंह (कप्तान ), हिमांशु सिंह, कालवा सर्वग्या राव, रूहान, कालवा अथर्व राव, अथर्व प्रताप सिंह,चिराग चंदेल, धर्मवीर सिंह, सुजल प्रजापत, वीं यशवंथ, ज्ञानेश्वर वीं, युवान सारड़ा,। टीम के कोच इंटरनेशनल कोच कालवा राजेश्वर राव, अस्सिस्टेंट सोच नवनीत द्विवेदी।

### तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जुटेंगे शिवभक्त

**राजनांदगांव ,28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर की न्यू खंडेलवाल कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित राम - लक्ष्मण वाटिका में पवित्र श्रावण मास में शिवगणों सहित भोलेनाथ की प्राण - प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में 1 अगस्त से 3 अगस्त तक तीन दिवसीय आयोजन के रूप में की जाएगी । वैदिक मंत्रों के बीच शोभा यात्रा तथा धार्मिक अनुष्ठान पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे । भगवान भोलेनाथ की शिवगणों सहित प्राण - प्रतिष्ठा समारोह समिति के संरक्षक , नगर -निगम में प्रतिपक्ष के नेता संतोष पिल्ले एवं वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता - युधिष्ठिर देवांगन ने बताया कि प्राण - प्रतिष्ठा अवसर पर 1 अगस्त शनिवार श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि पर शोभा यात्रा एवं वेदी स्थापना पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। इसी तरह 2 अगस्त रविवार चतुर्थी तिथि पर भगवान का अन्नाधिवास एवं शैयाधिवास तथा 3 अगस्त श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में प्राण -प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होगी । इसी दिन शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ महाप्रसादी भी ग्रहण कर सकेंगे । आयोजन समिति के संरक्षक नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित न्यू खंडेलवाल कॉलोनी परिवार के शिव भक्तों ने नगर वासियों से उक्त पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने अपील की है ।

### कुम्हार समाज ने महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई

**तिल्दा नेवरा 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हार समाज तिल्दा ब्लॉक द्वारा कुम्हार समाज के इष्ट देव महाराजा दक्ष प्रजापति के चौक में बड़ी ही धूम धाम से समाज गनों के साथ रीति रिवाज के साथ जयंती मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रकला डाक्टर खुमान वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष एवं कुम्हार समाज के अध्यक्ष कृतेश चक्रधारी , उपाध्यक्ष गुहा राम चक्रधारी , कोषाध्यक्ष छोटेलाल चक्रधारी , सचिव मुकेश कुमार चक्रधारी , सह सचिव दौलत चक्रधारी , सह कोषाध्यक्ष दिनेश चक्रधारी संरक्षक परदेसी राम चक्रधारी बेनी राम प्रजापति एवं समस्त तिल्दा ब्लॉक के पदाधिकारी ,युवा साथी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उत्सव में शामिल हुए।

### औद्योगिक संस्थाओं में ग्रीन एनर्जी का उपयोग करें:कलेक्टर

**राजनांदगांव 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उद्योगों में हरित ऊर्जा के उपयोग के लिए जिले की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर ने उद्योगों के प्रतिनिधियों से उनके संस्थानों की वर्तमान विद्युत खपत एवं ऊर्जा आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने उद्योगों के प्रतिनिधियों को हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी उद्योगों से अपने संस्थानों में सौर ऊर्जा (सोलर) के माध्यम से विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उद्योगों को अधिकतम बिजली का स्थानीय स्तर पर स्वयं उत्पादन करना चाहिए। इससे ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी तथा उद्योगों की संचालन लागत भी कम होगी। कलेक्टर ने कहा कि सोलर संयंत्र स्थापना में यदि किसी प्रकार की तकनीकी, प्रशासनिक अथवा अन्य समस्या आती है तो उद्योग प्रबंधन जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रक्रिया को सरल बनाने एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी उद्योगों को एक माह के भीतर सोलर स्थापना की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्योगों से कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दें जिनका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिले।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां पूरी,डॉ. रमन सिंह को दिया गया आमंत्रण

- 29-30 जुलाई को सांई बाबा की पालकी, अभिषेक व भव्य भंडारे का होगा आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 के अवसर पर 29 एवं 30 जुलाई को राजनांदगांव में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांई बाबा की पालकी, आरती, अभिषेक तथा भव्य भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी आमंत्रण दिया गया है।

अनंतकोटि ब्रह्मांड नायक, राजाधिराज योगीराज परब्रह्म श्री सच्चिदानंद सद्गुरु सांईनाथ महाराज की असीम कृपा से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला गुरु पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवं 30 जुलाई 2026 को हमालपारा शनि मंदिर रोड स्थित सांई मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 29 जुलाई को प्रातः 7 बजे सांई बाबा की विशेष आरती एवं अभिषेक होगा। वहीं संध्या 7 बजे बाबा की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकाली जाएगी। पालकी यात्रा के दौरान सांई भजनों, जयघोष और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहेगा। इसके बाद 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए विशाल प्रसादी (भव्य भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। संस्थान ने नगर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर सांई बाबा का प्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इसी क्रम में श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान के अध्यक्ष शरद सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर उन्हें गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया जिस पर डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आश्वासन देते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि श्रद्धा, सेवा और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होकर सांई बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, प्रसादी वितरण, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए स्वयंसेवकों की अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं ताकि आने वाले प्रत्येक भक्त को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जनसेवा, महिला सशक्तिकरण और विकास की नई पहचान हैं पार्षद रानी सौरभ जैन

- सामाजिक राजनीतिक स्वास्थ्य और शिक्षा में कर रही है सेवा
- जन्म दिवस पर जगह जगह अनेक आयोजन भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 28 जुलाई।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद एवं तिल्दा शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रानी सौरभ जैन आज क्षेत्र की सक्रिय, संवेदनशील और जनसेवा के प्रति समर्पित महिला जनप्रतिनिधियों में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। समाज सेवा, संगठन क्षमता, महिलाओं के उत्थान और वार्ड के समग्र विकास को लेकर उनकी सक्रियता ने उन्हें जनता के बीच एक भरोसेमंद जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है।

मध्यप्रदेश के जबलपुर में जन्मी रानी जैन के पिता रमेश चंद जैन तथा माता श्रीमती उपमा जैन हैं। बचपन से ही उन्हें शिक्षा, सामाजिक संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण वातावरण मिला। उन्होंने एम.कॉम. तक शिक्षा प्राप्त की, जिसने उनके व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझ को और अधिक मजबूत बनाया।

विवाह के पश्चात उनका जीवन तिल्दा-नेवरा से जुड़ा। उनके पति सौरभ जैन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं तथा वर्तमान में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। पूर्व में मंडल महामंत्री सहित विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का अनुभव रखने



वाले सौरभ जैन के मार्गदर्शन और जनसेवा की भावना ने रानी जैन को समाज और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

रानी सौरभ जैन ने वर्ष 2017 से सक्रिय राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण के विचारों तथा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों से प्रेरित होकर उन्होंने सेवा को राजनीति का आधार बनाया। भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

15 फरवरी 2025 को वे पहली बार तिल्दा-नेवरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 21 से पार्षद निर्वाचित हुईं। जनता ने उनके सरल स्वभाव, सेवा भावना और सक्रिय कार्यशैली पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना। पार्षद बनने के बाद उन्होंने वार्ड के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए। बच्चों की शिक्षा में सहयोग, विशेष रूप से बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराना उनके सामाजिक कार्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

रानी जैन ने अपने वार्ड तक सीमित न रहकर पूरे अंचल के विद्यालयों, अस्पतालों और आंगनवाड़ी केंद्रों का लगातार दौरा किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आम जनता के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान बन गया। यही कारण है कि क्षेत्र के लोग उन्हें एक सहज, सुलभ और सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में देखते हैं।

महिला सशक्तिकरण उनके सार्वजनिक जीवन का प्रमुख उद्देश्य रहा है। वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें सामाजिक नेतृत्व से जोड़ने तथा सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वरिष्ठ नागरिकों को समाज की धरोहर मानते हुए उनके अनुभव और ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल भी उनके कार्यों की विशेष पहचान है।

धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी उल्लेखनीय सक्रियता रही है। श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े जनजागरण अभियानों में उन्होंने व्यापक जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक स्वर्गीय शांताराम जी के विचारों और सेवा परंपरा से प्रेरित होकर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर ओटगन सहित आसपास के क्षेत्रों में अनेक सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाई तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता को सदैव प्राथमिकता दी।

उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों से प्रेरित महिला समूहों के गठन और सामाजिक जागरूकता के कार्यों को गति दी। ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़कर आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभाई। पत्रकारों और मीडिया के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखते हुए वे जनहित के मुद्दों पर निर्भीकता और स्पष्टता से अपनी बात रखने के लिए भी जानी जाती हैं।

वार्डवासियों का मानना है कि रानी सौरभ जैन हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहने वाली जनप्रतिनिधि हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनकी तत्परता, सरल व्यवहार और निरंतर जनसंपर्क ने उन्हें जनता के बीच विशेष सम्मान दिलाया है। उनके कार्यों में उनके पति सौरभ जैन का संगठनात्मक अनुभव और मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करता है, जिससे जनसेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती मिली है। आज रानी सौरभ जैन केवल एक पार्षद नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता, महिला नेतृत्व और विकास की नई सोच का प्रतीक बनकर उभरी हैं। उनका विश्वास है कि जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। यही संकल्प उन्हें निरंतर जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, समाजहित में उनकी सक्रियता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आने वाले वर्षों में भी क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहे–यही कामना है।

## प्रांजल जीनियस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया ग्रीन-डे

**रायपुर 28 जुलाई।** बोरिया खुर्द स्थित प्रांजल जीनियस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने ग्रीन डे सेलिब्रेट किया नन्हे नन्हे बच्चे ग्रीन ड्रेस में विद्यालय में उपस्थित हुए और अपने साथ मैंगो अंगूर फ्लावर प्लांट अलग-अलग प्रकार की कृतियां बनाकर आए थे जिन्हें वह बताने में अत्यंत प्रसन्न हो रहे थे कि हम मीठा आम बने हैं आम पेड़ से मिलता है और हमें पेड़ लगाने चाहिए छोटे बच्चों से इतने अच्छे शब्द सुन सभी का मन प्रफुल्लित हो गया तथा मिडिल के बच्चों ने फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन उनके द्वारा बनाए गए व्यंजन अत्यंत थी सुंदर स्वादिष्ट और हाइजीन को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए थे बच्चों की उत्सुकता देखते ही बनती थी प्रतियोगिता का जजमेंट श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा द्वारा किया गया जिसमें बच्चों को प्रथम द्वितीय वृत्तीय पुरस्कार दिया गया ग्रीन ड्रेस में प्रथम स्थान नर्सरी की लविया द्वद्ध्ड्ढ्ठ द्वितीय शिफा तथा तृतीय स्थान खुशी सिंह ने प्राप्त किया व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्य केवट जिसने आलू टिक्की बनाई प्राइमरी में प्रथम स्थान घिताक्षी ने ब्रेड की रस मलाई



बनाई मृणाल और जैस्मिन ने सब से ऑल बनाया जिन्हें द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा आलिया और जीनत ने दही भल्ला बनाकर मिडिल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान अन्य विश्वकर्मा को मिला साथ ही सभी ने पर्यावरण रक्षा की प्रतिज्ञा ली और बच्चों ने पौधे लगाकर ग्रीन डे बड़ी धूमधाम से मनाया विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि विद्यालय के सभी बच्चे पर्यावरण संरक्षण में पूर्ण रूप से भाग लेते हैं विद्यालय ही नहीं अन्य स्थानों पर भी वृक्षारोपण के लिए बच्चे बढ़-चढ़कर जाते हैं और वृक्ष लगाते हैं।

## पार्षद रानी सौरभ ने जन्मदिन को इस तरह यादगार बनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 28 जुलाई।** भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष और पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन अपने जन्म दिन को यादगार बनाने के लिए अनोखा रास्ता अपनाया है जिसकी सर्वत्र वाह वाही की जा रही ही जन्म दिवस के एक दिन पूर्व सर्व प्रथम राम मंदिर ग्राम ओटगन पहुंची और पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति और जनकल्याण की कामना की ततपश्चात स्कुल में नेवता भोज का आयोजन किया केसदा और ओटगन के स्कूली छात्र छात्राओं से भेंट मुलाकात कर उन्हें पेन और चॉकलेट वितरण किया सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा में डाक्टरों द्वारा उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया श्रीमती रानी सौरभ जैन और अतिथियों द्वारा स्वास्थ केंद्र तिल्दा में मरीजों को फल वितरण किया ,अस्पताल में सभी नवजात शिशुओं की माताओ से मिल कर उन्हें शुभकामनाये दी और उन्हें उपहार भेंट किया साथ सभी कुपोषित शिशुओं से मिल कर उन्हें खिलौने और उपहार दिया उनके दीर्घायु तथा उज्वल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी ,नरेंद्र शर्मा ,डाक्टर एल पी साहू ,आकाश पंजवानी ,दीपक चौथवानी,भाजपा नेता विजय ठाकुर,खंड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आशीष सिन्हा ,डाक्टर उमा पैकरा , डाक्टर शिखा स्वर्णकार आशीष जेम्स ,कैलाश ,स्वास्थ केंद्र तिल्दा नेवरा के कर्मचारी गण ,भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर अथर्व रजक ने किया पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एनपीपीएस के कक्षा पहली के छात्र अथर्व रजक ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए सभी लोगों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अथर्व रजक ने विद्यालय के प्राचार्य को सप्रेम एक पौधा भेंट किया तथा अपनी कक्षा शिक्षिका मीनाक्षी पाण्डेय के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस पहल की विद्यालय परिवार ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया।

एनपीपीएस परिवार ने अथर्व रजक पिता लोकेश रजक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि जन्मदिन



जैसे विशेष अवसरों को पौधारोपण जैसे रचनात्मक कार्यों से जोड़ना समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अथर्व रजक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि अथर्व रजक शांति नगर, राजनांदगांव निवासी हैं तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री परमानंद रजक के पोते हैं। विद्यालय परिवार ने उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।

### शांति भंग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव २८ जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मान. पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे सतत अभियान के तारतम्य मे आज दिनांक को अनावेदक कोमल सेन पिता शिव सेन उम्र 25 साल निवासी रेवाडीह वार्ड नंबर 21 थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के द्वारा गांव के लोगों के साथ वाद विवाद कर शांती भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु अनावेदक को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय जिला राजनांदगांव पेश किया गया है।

# आयुक्त ने संकुल शैक्षिक समन्वयकों को सोलर पैनल लगाने प्रेरित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** राजनांदगांव निकाय क्षेत्र सहित जिले भर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उर्जा उपभोक्ता से उर्जादाता बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में संकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक लेकर निकाय क्षेत्र के शिक्षको को योजना का लाभ देने सोलर पेनल लगाने प्रेरित करने अपील किए।

बैठक मे आयुक्त श्री मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उक्त योजना भारत सरकार की महत्वकाक्षी योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन का सबसे बड़ा विभाग है। निकाय क्षेत्र में निवासरत लोगो को बिजली बिल के भार से बचने सोलर पेनल लगाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। निकार्य क्षेत्र में बहुतायत शिक्षक निवास करते है, उन्हें योजना का लाभ लेने जानकारी देने आज संकुल समन्वयको की बैठक बुलाई गयी है। क्योकि आप सब संकुल समन्वयको से शिक्षक सम्पर्क में रहते है, आपके माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन वृहद रूप में हो पायेगा।

आयुक्त ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक सोलर पेनल लगाने के लिए अभियान चलाकर लोगो को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर महोदय लगातार इसकी समीक्षा कर रहे है, शहरी क्षेत्र में लाभ देने महापौर महोदय स्वयं वार्डो मे बैठक ले रहे है, कॉलोनियो मे जा कर भी कॉलोनीवासियो को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह जी भी जिले के लगभग 400 लाभार्थियों से संवाद किए, जिनका बिलजी बिल शुन्य हो गया है। आयुक्त ने योजना की जानकारी देकर संकुल समन्वयको से कहा कि आप लोग भी इस अभियान से जुडे, और अपने संकुल क्षेत्र में आने वाले शिक्षको को सोलर पेनल लगाने प्रेरित करे।

विद्युत मण्डल के सहायक अभियंता श्री रोहित मण्डावी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बिजली यूनिट खपत, सोलर पेनल से सोलर बिजली उत्पादन एवं खपत के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिजली बिल से निजात दिलाने का सोलर पेनल सबसे बड़ा साधन है, जिसके लिए सरकार लगी हुई है। सरकार का उद्देश्य बिजली बिल शुन्य करना ही नही, बल्कि पर्यावरण संरक्षण करान भी है। उन्होंने सोलर पेनल लगाने के लिए बिन्दुवार जानकारी देकर आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 4 हजार लोगो ने सोलर पेनल लगाया है। जिसमें से 1167 उपभोक्ता का बिजली बिल शुन्य हो गया है। लीड बैंक मैनेजर श्री मोनिस शर्मा ने केन्द्र व राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व लोन प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने लागत एवं ब्याज की जानकारी देते हुए लोन के लिए आवश्यक दस्तावेज व नियम बताए।

## आप के स्वास्थ्य शिविर में 100 से ज्यादा लोगों न कराया उपचार:कमल महान



**तिल्दा-नेवरा 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी द्वारा 20 जुलाई से प्रारम्भ प्रत्येक सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण में अब तक सौ से अधिक लोगों ने उपचार करवाया है। उक्त जानकारी देते हुए बलौदाबाजार विधानसभा के मुख्य कार्यकर्त्ता कमल महान ने बताया कि शिविर में बीपी,शुगर और अन्य सामान्य बीमारियों की भी जांचकर आवश्यकता अनुसार दवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने चिकित्सक डॉ. राजकुमार सोनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर हर सोमवार को सुबह 10बजे से दोपहर 2 बजे तक संजना आयुष हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक के पास नेवरा में लगता है। 27 जुलाई के शिविर में आप बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष भुनेश्वर डहरिया,वरिष्ठ साथी दिलीप फेकर,सहदेव डांडेकर, नेमन बांधे, विधानसभा प्रभारी जसपाल जांगड़े, भरतसिंह चौहान, लॅच्छीराम पाल आदि साथी शामिल हुए। महान ने कहा कि अगला शिविर सोमवार 3 अगस्त को होगा।

# छोटी हार कई बार बड़ी जीत की भूमिका होती है

राजनीति में बड़े नेताओं के बड़े समर्थक होते हैं.वह चाहते हैं कि हमारा नेता को हमेशा जीतना चाहिए। उसे किसी के सामने झुकना नही चाहिए। उसे ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए कि ऐसा लगे कि वह किसी के सामने झुक गया है। उसके किसी काम से ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हमारा मजबूत नेता कमजोर साबित हो गया है।कई बार नेता जितना कट्टर नहीं होता है, उसके समर्थक उससे ज्यादा कट्टर होते हैं। नेता का झुकना उसे मंजूर नहीं होता है। नेता का हारना उसे स्वीकार्य नहीं होता है।नेता का कमजोर होना उनको पसंद नहीं आता है,उनका नेता ऐसा करता है तो उनको बुरा लगता है, वह उसका खुलकर विरोध करते हैं और कहते है उसके बड़े नेता को ऐसा नहीं करना था।पीएम मोदी ऐसे ही बड़े नेता हैं उनके समर्थक उनको कमजोर होते, किसी के सामने झुकते नहीं देख सकते। यही वजह है कि शिक्षामंत्री के इस्तीफा मामले में वह चाहते थे कि पीएम मोदी इस्तीफा न लें।आंदोलन करने वालों को आंदोलन करने दें, आंदोलनकारियों से सख्ती से निबटें।राजनीति में अहंकार कोई मायने नहीं रखता है।कई बार बड़ी जीत के लिए छोटी हार स्वीकार करनी पड़ती है।कई बार बड़ी जीत के लिए छोटी हार जरूरी होती है,इसलिए जो दूरदर्शी नेता होता है वह जानता है कि छोटी हार के बाद बड़ी जीत है तो उसके छोटी हार कोई मायने नहीं रखती है, उसके लिए बड़ी जीत जरूरी होती है और वह वही करता है जिससे उसको और उसकी पार्टी को ज्यादा फायदा होता है। राहुल गांधी सहित विपक्ष तो चाहते थे कि दिल्ली के जंतर मंतर में युवाओं को जो आंदोलन चल रहा है, वह जितना लंबा चल सकता है चलना चाहिए।इससे देश में एक धारणा तो बनती है कि देश का युवा मोदी सरकार से नाराज है। राहुल गांधी यही तो चाहते हैं कि देश के लोगों, देश के युवाओं में सरकार की असफलता को लेकर जो नाराजगी है, वह सामने आनी चाहिए। उनके किए धरे तो ऐसा हो नहीं पा रहा था लेकिन जब सीजेपी के नेताओं ने अपना आंदोलन शुरू किया तो देश के सामने लोगों का गुस्सा सामने आने लगा।इससे देश में धारणा बन रही थी कि लोग मोदी सरकार से बहुत नाराज है।विपक्ष इस आंदोलन के जरिए यह बताना चाहता था कि मोदी सरकार असफल है और उसे लेकर लोगों में गुस्सा है और लोगों को इस बात के लिए तैयार किया जा सकता है कि वह मोदी सरकार को सत्ता से हटाए। लेकिन सीजेपी वह नहीं चाहता तो जो विपक्ष चाहता था, वह मोदी सरकार के खिलाफ दिखते हुए भी मोदी सरकार के खिलाफ नहीं था, वह तो अपने आंदोलन को सफल बनाना चाहता था, वह जानता था कि वह नीट पेपर लीक मामले में मोदी का इस्तीफा मांगेगा तो उनका सफल नहीं हो सकता क्योंकि इसके लिए मोदी तो कभी भी तैयार नहीं होंगे।इसलिए विपक्ष की इच्छा के खिलाफ सीजेपी ने आंदोलन का लक्ष्य शिक्षामंत्री के इस्तीफे तक सीमित रखा और युवाओं को प्रभावित करने के लिए एक यह मांग की जिन युवाओं ने नीट के चलते जान दी है, उनके परिवार को सरकार एक-एक करोड रुपए मुआवजा दे। सीजेपी की यह मांगें ऐसी थी कि सरकार आसानी से पूरा कर सकती थी। कुछ दिन बाद विपक्ष भी यही मांग करने लगा ताकि युवा आंदोलन सफल हो तो उसका श्रेय विपक्ष को भी मिले। सीजेपी और विपक्ष की मांग एक हो जाने यानी शिक्षामंत्री का इस्तीफा हो जाने पर सरकार के लिए दोनों की मांग को पूरा करना आसान हो गया और एक बार में ही दोनों की मांग को पूरा करना संभव हुआ।सरकार ने एक दिन दोनों की मांग को पूरा कर दिया यानी शिक्षामंत्री से कह दिया गया कि वह अब इस्तीफा दे दें। शिक्षामंत्री के इस्तीफे के बाद सीजेपी व कांग्रेस सहित विपक्ष की मांग एक साथ पूरी हो गई है । इससे सड़क पर जो अराजकता फैलाई जा रही थी, वह बंद हो गई है और संसद के भीतर जो हंगामा कर संसद नहीं चलने दी जा रही थी, उस पर रोक लगने की संभावना बन गई है। मोदी सरकार जानती थी कि संसद के बाहर सड़क पर जो अराजकता चल रही है, वह जब तक बंद नहीं होगी तो संसद के भीतर जो हंगामा हो रहा है वह भी नहीं रुकने वाला है।युवाओं के नाम पर संसद में हंगामा होता रहेगा।मोदी सरकार के लिए सड़क की अराजकता से ज्यादा जरूरी संसद चलना था क्योंकि युवाओं की समस्या का समाधान तो संसद में हो सकता है,वह पेपर लीक रोकने के लिए जो कानून लाना चाहती है, वह तो संसद के जरिए ही लाया जा सकता है। शिक्षामंत्री का इस्तीफा मोदी सरकार ने लिया है तो संसद चलाने के लिए लिया है।मोदी सरकार के लिए शिक्षामंत्री का इस्तीफा हार है तो छोटी हार है।मोदी सरकार यह छोटी हार इसलिए स्वीकार कर ली है कि उसके लिए संसद मे बड़ी जीत इसको स्वीकार करने पर ही मिल सकती है। इसलिए कहा जा सकता है कि छोटी हार मोदी सरकार की बड़ी जीत की भूमिका है। संसद में पेपर लीक रोकन कानून पारित होने पर सरकार युवाओं को यह संदेश देने मे सफल होगी कि विपक्ष तो आपके लिए सिफ हंगामा करता है, अराजकता फैलाता है लेकिन सरकार तो वह कर रही है जो आप चाहते हैं यानी देश में अब पेपर लीक न होने देना। पेपर लीक के लिए हंगामा करने से बड़ा काम तो पेपर लीक न होने देने के लिए व्यवस्था बनाना है। इसके बाद संसद चलने पर ही तो वह सारे विधेयक संसद में पेश कर पारित किए जा सकते हैं जिसके लिए संसद सत्र बुलाया गया है।युवाओं का आंदोलन समाप्त होने से संसद के सुचारू चलने का रास्ता साफ हो गया है।शिक्षामंत्री के इस्तीफे का मेन मकसद यही था कि संसद चलने का रास्ता साफ हो और सरकार वह सब विधेयक संसद से पारित करा सके जिनके पारित होने से सरकार को बड़ी जीत मिल सकती है। अब तक हारी हुई सरकार सारे विधेयक पारित हो जाते है तो संसद सत्र के बाद विजयी सरकार दिखेगी क्योंकि वह देश व युवाओं के लिए काम करने वाली सरकार साबित होगी।

---

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस**

# हरित भविष्य की राह: प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**सुनील कुमार महला**

प्रतिवर्ष 28 जुलाई को जैव विविधता के संरक्षण, विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित किए जाने,पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की रक्षा करने के क्रम में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है।



आज विकास की होड़ में जगह-जगह कंक्रीट के जंगल खड़े किए जा रहे हैं और प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दोहन किया जा रहा है। मानव अपने स्वार्थ और लालच के चक्कर में प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना भूल सा गया है और प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जंगल कम होते चले जा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन हो रहा है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और ग्लेशियर पिघल रहे हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन जैसे जल, वन, मिट्टी, वायु, वन्यजीव और जैव विविधता आदि सीमित हैं तथा इनके संरक्षण के बिना मानव जीवन और सतत विकास संभव नहीं है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य है। आज के समय में अनियंत्रित शहरीकरण, प्लास्टिक प्रदूषण, अंधाधुंध खनन और वनों की कटाई प्रकृति के सामने सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। वास्तव में प्रकृति केवल हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति का साधन नहीं, बल्कि जीवन का मूल आधार है। यदि जंगल, नदियाँ, मिट्टी, वायु और वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रकृति का सम्मान और संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे मूल्यवान विरासत है।

बहरहाल, यदि हम यहां पर भारत में वनों की स्थिति की बात करें तो एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 21.76% भाग वन क्षेत्र है, जबकि वृक्ष आवरण लगभग 3.41% है। दोनों को मिलाकर वन एवं वृक्ष आवरण लगभग 25.17% है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज देश में विकास परियोजनाओं, सड़क एवं रेल निर्माण, खनन, शहरीकरण और अवैध कटाई के कारण कई क्षेत्रों में वनों पर दबाव बढ़ रहा है।वनों की कटाई से जैव विविधता घटती है, वन्यजीवों के आवास नष्ट होते हैं, मिट्टी का कटाव बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन की समस्या गंभीर होती है।

आज प्रकृति के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक प्रदूषण की है। यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो जानकारी मिलती है कि दुनिया में हर वर्ष 400 मिलियन टन (40 करोड़ टन) से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। इसका बड़ा हिस्सा कचरे के रूप में पर्यावरण में पहुँच जाता है।यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही, तो 2050 तक गलत तरीके से प्रबंधित (mismanaged) प्लास्टिक कचरा लगभग दोगुना होकर 12.1 करोड़ टन प्रति वर्ष तक पहुँच सकता है। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के समक्ष एक बहुत ही गंभीर व बड़ी चुनौती है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 2022–23 के दौरान लगभग 41.36 लाख टन (4.14 मिलियन टन) प्लास्टिक कचरा दर्ज किया गया। यह बहुत ही संवेदनशील है कि भारत से हर वर्ष लगभग 93 लाख टन (9.3 मिलियन टन) प्लास्टिक पर्यावरण में उत्सर्जित होता है, जो वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का लगभग 20% है। इतना ही नहीं,आज एआइ व इलैक्ट्रिक व्हीकल का दौर है।एआई और इलेक्ट्रिक व्हीकल के दौर में भी प्रदूषण की चुनौती बहुत बड़ी है। एआई के लिए विशाल डेटा सेंटरों को भारी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के निर्माण के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे खनिजों का बड़े पैमाने पर खनन किया जाता है, जिससे पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है। यदि इन बैटरियों का वैज्ञानिक ढंग से पुनर्चक्रण (रि-साइक्ल) न किया जाए, तो वे भविष्य में नए प्रकार के प्रदूषण का कारण बन सकती हैं।

ऐसे में आज जरूरत इस बात है कि हम धरती पर से सबसे पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करें। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। इतना ही नहीं, हरित ऊर्जा आज केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानवता की आवश्यकता बन चुकी है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जीवाश्म ईंधनों के सीमित भंडार को देखते हुए सौर, पवन, जल और जैव ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाना समय की मांग है। हरित ऊर्जा न केवल कार्बन उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को कम करती है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूत बनाती है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी देनी है, तो हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना और ऊर्जा की बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

अंत में यही कहूंगा कि प्रकृति संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय व सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। इसके लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना, जल एवं ऊर्जा की बचत करना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, कचरे का पृथक्करण और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) अपनाना, जैव विविधता और वन्यजीवों की रक्षा करना तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देना आवश्यक है। जब विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित होगा तथा प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति को अपना दायित्व समझेगा, तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित की जा सकेगी।

---

**(गुरु पूर्णिमा विशेष)**

# महान गुरु परंपरा के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का अवसर

**संजीव ठाकुर**

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वराय।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥"

भारतीय संस्कृति में गुरु को सृष्टि का निर्माता, पालनकर्ता और अज्ञान का नाश करने वाला माना गया है। गुरु केवल अक्षरज्ञान देने वाला शिक्षक नहीं, बल्कि वह दिव्य शक्ति है जो मनुष्य के व्यक्तित्व को गढ़ती है, उसके भीतर सोई हुई चेतना को जगाती है और जीवन को उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान करती है। गुरु पूर्णिमा का पर्व इसी महान गुरु-परंपरा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। परंतु यह दिन केवल गुरु-वंदना तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह वह पावन क्षण है, जब प्रत्येक शिष्य को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने गुरु के उपदेशों, संस्कारों और आदर्शों को अपने जीवन और समाज में श्रेष्ठ कर्मों के रूप में मूर्त रूप देगा।



गुरु पूर्णिमा का संबंध महर्षि वेदव्यास से है, जिन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा का महान शिल्पकार माना जाता है। उन्होंने वेदों का विभाजन किया, महाभारत की रचना की, अठारह पुराणों का संकलन किया और भारतीय चिंतन को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखने का महान कार्य किया। इसलिए उन्हें "जगतगुरु" की संज्ञा दी जाती है। उनकी स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व हमें याद दिलाता है कि ज्ञान तभी सार्थक होता है जब वह समाज के कल्याण का माध्यम बने।

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान माता-पिता के समान ही नहीं, अनेक संदर्भों में उनसे भी ऊँचा माना गया है, क्योंकि माता-पिता जन्म देते हैं, जबकि गुरु जीवन का सही अर्थ समझाते हैं। संत कबीरदास ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए लिखा गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पाय।

बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।

दोहा केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि यह बताता है कि गुरु ही ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग दिखाता है। यदि जीवन में गुरु का मार्गदर्शन न हो तो ज्ञान अधूरा रह जाता है और प्रतिभा दिशा खो देती है।

आज का समय केवल सूचना का युग नहीं, बल्कि विवेक का भी युग है। इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमों ने ज्ञान के असंख्य स्रोत उपलब्ध करा दिए हैं, परंतु सही और गलत का निर्णय करने की क्षमता आज भी गुरु ही विकसित करता है। सूचना मनुष्य को विद्वान बना सकती है, किंतु गुरु उसे विवेकवान बनाता है। इसलिए गुरु का महत्व कभी समाप्त नहीं हो सकता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था—

शिक्षा वह है जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन का बल बढ़े, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। शिक्षा केवल पाठ्य-पुस्तकों से नहीं आती, बल्कि गुरु के व्यक्तित्व, उनके आचरण और उनके जीवन-दर्शन से प्राप्त होती है। गुरु अपने शिष्य के भीतर छिपी हुई संभावनाओं को पहचानता है और उन्हें समाजोपयोगी दिशा देता है। महात्मा गांधी का विश्वास था कि चरित्रहीन शिक्षा समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह आज पहले से अधिक प्रासंगिक है। यदि शिक्षा केवल रोजगार का साधन बन जाए और जीवन-मूल्यों से हट जाए, तो समाज प्रगति के बावजूद शांति और नैतिकता खो देता है। इसलिए गुरु की भूमिका केवल रोजगार दिलाने तक सीमित नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण तक विस्तृत है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था—



"सच्चा शिक्षक वही है जो हमें स्वयं सोचने की प्रेरणा देता है।" गुरु का वास्तविक दायित्व है। वह शिष्य को उत्तर नहीं देता, बल्कि सही प्रश्न पूछना सिखाता है। वह अनुकरण नहीं, बल्कि आत्मबोध का मार्ग दिखाता है।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कहना था श्रेष्ठ शिक्षक ज्ञान, जुनून और करुणा तीनों का संगम होता है।

डॉ. कलाम स्वयं अपने शिक्षकों का उल्लेख अत्यंत सम्मान के साथ करते थे और स्वीकार करते थे कि उनके व्यक्तित्व की नींव उनके गुरुओं ने ही रखी। भारतीय इतिहास इस बात का साक्षी है कि प्रत्येक महान व्यक्तित्व के पीछे किसी न किसी गुरु का अमूल्य योगदान रहा है। भगवान श्रीराम के जीवन को महर्षि वशिष्ठ और विश्वामित्र ने दिशा दी। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु सांदीपनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण कर गुरु-दक्षिणा का आदर्श प्रस्तुत किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व निर्माण में समर्थ गुरु रामदास और माता जीजाबाई के संस्कार निर्णायक रहे। स्वामी विवेकानंद को विश्व मंच तक पहुँचाने वाले उनके गुरु श्रीरामकृष्ण परमहंस थे। चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को केवल सम्राट नहीं बनाया, बल्कि भारत के इतिहास की दिशा बदल दी।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि गुरु केवल व्यक्ति नहीं बनाता, वह युग का निर्माण करता है।

आज समाज अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। नैतिक मूल्यों का क्षरण, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सामाजिक तनाव, पर्यावरण संकट, पारिवारिक विघटन और डिजिटल विचलन जैसी परिस्थितियों में गुरु की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे समय में गुरु का सम्मान केवल मंचों पर माल्यार्पण से नहीं होगा। सच्ची गुरु-दक्षिणा तब होगी जब हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ईमानदारी, अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति और मानवीय संवेदनाओं को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाएँ।

गुरु पूर्णिमा हमें यह भी स्मरण कराती है कि प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में गुरु बन सकता है। माता-पिता अपने बच्चों के प्रथम गुरु हैं। शिक्षक विद्यालय में गुरु हैं। समाज में अनुभवी व्यक्ति अपने अनुभव से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हैं। इसलिए गुरु-परंपरा केवल आश्रमों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जीवित है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को पुनः संस्कारों से जोड़ा जाए। विद्यालयों में ज्ञान के साथ नैतिक शिक्षा, सेवा-भाव, पर्यावरण संरक्षण, संविधान के प्रति सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित की जाए। यदि गुरु का ज्ञान समाजहित में प्रयुक्त नहीं होता, तो वह अधूरा रह जाता है।

गुरु पूर्णिमा का वास्तविक संदेश है गुरु के विचारों को जीवन में उतारना। यदि गुरु ने सत्य का मार्ग दिखाया है तो सत्य बोलना हमारी गुरु-दक्षिणा है। यदि उन्होंने सेवा सिखाई है तो समाज की पीड़ा दूर करना हमारी गुरु-दक्षिणा है। यदि उन्होंने राष्ट्रप्रेम सिखाया है तो अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना हमारी गुरु-दक्षिणा है।

आज भारत विश्व मंच पर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे युवाओं का चरित्र मजबूत होगा। यह कार्य केवल तकनीक से नहीं, बल्कि गुरु के संस्कारों से ही संभव है। इसलिए गुरु पूर्णिमा का यह पर्व प्रत्येक विद्यार्थी, प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक परिवार के लिए आत्ममंथन का अवसर है।

गुरु पूर्णिमा पर हम केवल अपने गुरुओं का सम्मान ही न करें, बल्कि यह संकल्प भी लें कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञान, अनुशासन, परिश्रम, सत्य, करुणा और सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे। यही गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी, यही श्रेष्ठ गुरु-दक्षिणा होगी और यही भारत की महान गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत रखने का सर्वोत्तम मार्ग होगा।

जब शिष्य का चरित्र गुरु की शिक्षा का प्रतिबिंब बन जाता है, तब गुरु का जीवन सफल होता है। जब समाज गुरु के संस्कारों से प्रकाशित होता है, तब राष्ट्र समृद्ध होता है। और जब राष्ट्र अपने गुरुओं का सम्मान उनके आदर्शों को जीकर करता है, तभी वह विश्वगुरु बनने की दिशा में वास्तविक अर्थों में अग्रसर होता है।

---

**29 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर विशेष ...**

# गुरु की महिमा अपरंपार ,गुरु ही ज्ञान, संस्कार और जीवन का प्रकाश

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, विवेक और संस्कार का प्रकाश फैलाने वाला मार्गदर्शक होता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व इसी महान गुरु-परंपरा के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का पावन अवसर है।

संत गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है—

"बंदउँ गुरु पद कंज, कृपा सिंधु नर रूप हरि।
महामोह तम पुंज, जासु बचन रवि कर निकर॥"

अर्थात् मैं उन गुरु के चरण कमलों की वंदना करता हूं, जो कृपा के समुद्र और मानव रूप में भगवान के समान हैं। उनके वचन सूर्य की किरणों के समान हैं, जो मनुष्य के जीवन से महामोह और अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर देते हैं।

गुरु के चरणों में नमन करते हुए कहा गया है—

"श्री गुरु पद नख मनि गन जोती।
सुमिरत दिव्य दृष्टि हिय होती॥
दलन मोह तम सो सप्रकाशू।
बड़े भाग उर आवइ जासू॥"

गुरु महाराज के चरण-नखों की ज्योति अनमोल रत्नों के प्रकाश के समान है। उनका स्मरण करते ही हृदय में दिव्य दृष्टि उत्पन्न होती है। गुरु का ज्ञान मोह और अज्ञान के अंधकार को नष्ट कर देता है। जिसके हृदय में गुरु का प्रकाश प्रवेश कर जाए, वह वास्तव में अत्यंत भाग्यशाली होता है।

**गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर-** भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र और अनुपम माना गया है। गुरु अपने ज्ञान, अनुभव और संस्कारों के माध्यम से शिष्य के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। वह शिष्य को केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की कला, अनुशासन, संयम, संस्कार और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है।

गुरु शिष्य को अपनी दिव्य संपदा का एक अंश प्रदान करता है।



शिष्य उस ज्ञान और संस्कार को अनुशासनपूर्वक अपने जीवन में उतारकर अपने व्यक्तित्व को ऊंचा बनाता है। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को अनुशासन और आत्मविकास का पर्व भी कहा जाता है। अनुशासन का पालन करने वाला व्यक्ति ही जीवन में वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकता है। चाहे राष्ट्रीय प्रगति हो या आध्यात्मिक उन्नति, अनुशासन के बिना कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन है।

**जीवन रूपी भवसागर में गुरु ही सच्चे मार्गदर्शक**-मानव जीवन को अत्यंत दुर्लभ माना गया है। यह संसार एक विशाल भवसागर के समान है, जिसे पार करना मनुष्य के लिए आसान नहीं। जिस प्रकार छोटी-सी चींटी भी लंबी यात्रा अकेले तय नहीं कर सकती, उसी प्रकार मनुष्य भी जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों से अकेले पार पाने में कई बार असमर्थ हो जाता है। ऐसे समय में गुरु का मार्गदर्शन जीवन में प्रकाश बनकर आता है। यदि मनुष्य सद्गुरु का हाथ पकड़ ले और उनके बताए मार्ग पर श्रद्धा, विश्वास और अनुशासन के साथ चले, तो जीवन की कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी पार किया जा सकता है।

**संत कबीरदास जी ने गुरु की महिमा को अत्यंत सुंदर शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा है—**

"सतगुरु मिले तो सब मिले, न तो मिला न कोय।
माता-पिता सुत बांधवा, ये तो घर-घर होय॥"

अर्थात् यदि सच्चे गुरु मिल जाएं तो जीवन में सब कुछ प्राप्त हो जाता है, लेकिन यदि सद्गुरु का सान्निध्य न मिले तो बहुत कुछ अधूरा रह जाता है। माता-पिता और रिश्ते तो प्रत्येक घर में होते हैं, लेकिन सच्चा मार्गदर्शक गुरु मिलना सौभाग्य की बात है।

**गुरु ज्ञान, ध्यान और संस्कार का प्रकाश है**

किसी कवि ने गुरु की महिमा को इन सुंदर शब्दों में व्यक्त किया है—

गुरु हैं तो ज्ञान है, गुरु हैं तो ध्यान है,
गुरु हैं तो मान है, गुरु हैं तो यश है।
गुरु हैं तो कीर्ति है, गुरु हैं तो साहित्य है,
गुरु हैं तो चिंतन है, गुरु हैं तो संस्कार है।

गुरु हैं तो संस्कृति है और गुरु हैं तो विकृतियों का विनाश है। गुरु व्यवहार का दीप जलाते हैं और जीवन में प्रेम का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु ध्यान की ज्योति जगाते हैं और गरिमा का गुलाब खिलाते हैं। गुरु जीवन के हर सवाल का जवाब हैं, हर मुश्किल की युक्ति हैं और ज्ञान का विशाल भंडार हैं।

गुरु जीवन के मार्गदर्शक हैं, गुरु अहसास हैं, गुरु प्रेम हैं, गुरु ज्ञान की वाणी हैं। गुरु हमारे जीवन का चमत्कार हैं, सच्चे मित्र हैं, भगवान के रूप हैं और अध्यात्म की परिभाषा हैं।

**गुरु का सम्मान ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी**

जिस व्यक्ति के मन में अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान होता है, उसके जीवन में सफलता के द्वार स्वयं खुलते जाते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा केवल उनके चरणों में नमन करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना ही गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। गुरु पूर्णिमा हमें यह संदेश देती है कि जीवन में चाहे कितनी भी ऊंचाइयां प्राप्त कर लें, हमें अपने गुरु, माता-पिता और मार्गदर्शकों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। गुरु हमारे जीवन को दिशा देते हैं, हमारी कमियों को दूर करते हैं और हमें स्वयं का बेहतर रूप बनने की प्रेरणा देते हैं।

जिसके मन में अपने गुरु के लिए सच्चा सम्मान होता है,
एक दिन सारा जहां उसके कदमों में होता है।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी गुरुजनों को शत-शत नमन।

**संकलन : सुरेश कुमार साहू**
**पुरानी बस्ती, नगरी**

---

## सू- दोकू क्र.113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.112का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## एक नजर

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय करने शिविर 29 जुलाई को

**बीजापुर, 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के दिव्यांगजनों के लिए 29 जुलाई को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (समर्थ), एजुकेशन सिटी बीजापुर में जिला स्तरीय कृत्रिम अंग प्रदाय शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम बनाया जा सके।जिला प्रशासन ने शिविर की तैयारियां पूरी कर ली हैं। संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों को दिव्यांगजनों को शिविर की जानकारी देने तथा उन्हें शिविर स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र दिव्यांगजनों और उनके परिजनों से निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### भाजपा चलायेगी सामाजिक समरसता अभियान, गुरु पूर्णिमा से होगा आरंभ

**जगदलपुर, 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता अभियान राष्ट्रीय स्तर पर आरंभ कर रही है, जो 29 जुलाई से 27 फरवरी 2027 तक निरंतर समूचे देश में चलाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान भी भाजपा चलायेगी और आमजन को राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम में अधिक से अधिक जोड़ेगी। आज सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में इन दोनों महत्वपूर्ण अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर प्रभारी सतीश लाटिया विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यशाला में लाटिया ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुये अवगत कराया कि गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से सामाजिक समरसता अभियान पूरे भारत में भाजपा द्वारा सात महीने तक निरंतर चलाया जायेगा। जिसमें बूथ स्तर, मण्डल स्तर तक विविध आयोजन लगातार होंगे। सामाजिक समरसता का संदेश देने इस अभियान में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता सहभागिता निभायेंगे और आमजन को भी इस पावन अभियान में जोड़ा जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान इस वर्ष भी भाजपा जोश-खरोश के साथ मनायेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान में महती भूमिका सुनिश्चित करने कहा। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। सामाजिक समरसता अभियान का जिला संयोजक रजनीश पाणिग्रही एवं हर घर तिरंगा अभियान का जिला संयोजक परीसराम बेसरा को नियुक्त किया गया है।

### बास्तानार में स्थानीय उद्यमियों ने सीखे डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के गुर

**जगदलपुर, 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार की 'रैंप' (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज़ करना) योजना के अंतर्गत बस्तर जिले की जनपद पंचायत बास्तानार में व्यवसाय विकास सेवा प्रदाता एवं डिजिटल इंटीग्रेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्य सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन पहल के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईडीसी, रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को डिजिटल तकनीकों, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन मार्केटिंग तथा सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उनके व्यवसाय को अधिक प्रतिस्पर्धी और बाजारोन्मुख बनाना था। आयोजन में कुल 40 उद्यमियों तथा स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय विकास, डिजिटल एवं सोशल मीडिया मार्केटिंग, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के उपयोग, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं तथा व्यवसाय विस्तार की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने विशेष रूप से अपने स्थानीय उत्पादों जैसे अचार, बड़ी, पापड़, मसाले और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खाद्य पदार्थों को डिजिटल माध्यमों से व्यापक बाजार तक पहुंचाने और उनके विपणन हेतु ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग में गहरा रुझान दिखाया।

# दो महीने से वेतन नहीं मिला, आर्थिक संकट से जूझ रहे डेनेक्स कर्मचारी

- तुलिका कर्मा ने नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** कटेकल्याण स्थित डेनेक्स फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पिछले दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और अब रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।

कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वे नियमित रूप से फैक्ट्री में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पिछले दो महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, इलाज, किराया, बिजली-पानी के बिल, राशन सहित अन्य आवश्यक घरेलू खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है। कई कर्मचारियों को उधार लेकर परिवार का पालन-पोषण करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि मेहनत करने वाले श्रमिकों को समय पर वेतन मिलना उनका मूल अधिकार है। यदि किसी कर्मचारी को महीनों तक वेतन नहीं मिलता है तो इसका सीधा असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित विभाग एवं फैक्ट्री प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि कर्मचारियों का लंबित वेतन शीघ्र जारी हो सके।

उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी अंचल में रोजगार के सीमित साधन हैं। ऐसे में जो कर्मचारी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलना बेहद चिंताजनक है। प्रशासन को इस मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए कर्मचारियों के हित में तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर लंबित दो माह का वेतन अविलंब दिलाया जाए।

# 19 साल बाद भी विकास से कोसों दूर पांच गांव
# बारिश में कट जाता है मुख्यालय से संपर्क

## बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार की समस्याएं हैं कांदुलनार पंचायत क्षेत्र में





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 28 जुलाई।** जिला मुख्यालय से लगभग 14 किमी दूर बसे चिन्नाकवाली गुड्डीपाल, कांदुलनार, आदेड, रालापाल गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। बारिश शुरू होते ही इन गांवों का मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है और दैनिक मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ता है।

बीजापुर जिला बने 19 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन इन पांच गांवों की तस्वीर आज भी नहीं बदल सकी। पक्की सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन और संचार जैसी मूलभूत सुविधाएं अब भी ग्रामीणों की पहुंच से दूर हैं।

### दो महीने से अंधेरे में गांव

ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले करीब दो महीने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है। शाम होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। मोबाइल चार्ज करना मुश्किल हो गया है, वहीं बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### शिक्षा व्यवस्था बदहाल

गांवों में स्कूल तो हैं, लेकिन शिक्षकों की नियमित उपस्थिति नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी कभी जमीनी हकीकत जानने गांव तक नहीं पहुंचे।

### बारिश में राशन लेना भी बड़ी चुनौती

बरसात के दौरान नदी-नाले उफान पर होने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्था भी प्रभावित हो जाती है। कई बार समय पर राशन नहीं पहुंचता, जिससे ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

### मोबाइल नेटवर्क ठप, आपात स्थिति में बढ़ती मुश्किलें

इन गांवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा लगभग न के बराबर है। किसी भी आपात स्थिति में न एंबुलेंस से संपर्क हो पाता है और न ही प्रशासन तक समय पर सूचना पहुंच पाती है।

### बीमार लोगों को अस्पताल ले जाना भी बड़ी मुसीबत

बारिश के मौसम में स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी गांवों तक नहीं पहुंच पातीं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाना बेहद कठिन हो जाता है। कई बार उफनते नदी-नाले इलाज तक पहुंचने का रास्ता रोक देते हैं।

### हर साल वही समस्या, स्थायी समाधान का इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि हर मानसून में यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। करोड़ों रुपये की योजनाओं के बावजूद इन गांवों की बदहाली सवाल खड़े करती है।

### ब्रिज स्वीकृति हेतु केवल सर्वे

ग्रामीणों ने बताया कि ब्रिज निर्माण हेतु पीएमजीएसवाई विभाग से 2 बार सर्वे हुआ है लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं प्राप्त हुआ है। शासन प्रशासन को कई बार आवेदन देने के बाद भी की निराकारण नहीं मिला है।

ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि नदी पर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान किया जाए, बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल की जाए, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, बारिश से पहले राशन का पर्याप्त भंडारण किया जाए, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाया जाए, नालों पर स्थायी पुल और पक्की सड़क निर्माण किया जाए, ताकि हर वर्ष उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

# बीजापुर के नए पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने संभाला पदभार

- बेहतर कानून-व्यवस्था और जनसेवा पर रहेगा फोकस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 28 जुलाई।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को बीजापुर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

निवर्तमान पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता इससे पहले रायपुर मध्य जोन में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रभावी पुलिसिंग की नई उम्मीदें जताई जा रही हैं।

कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, अपराध नियंत्रण तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से समन्वय, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आमजन को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जनता का विश्वास मजबूत करने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी बस्तर पंडुम के विजेताओं का सम्मान

**जगदलपुर, 27 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, बस्तर पंडुम–2026 के विजेता प्रतिभागियों, परंपरागत जनजातीय नेतृत्व व्यवस्था के प्रतिनिधियों, पद्मश्री सम्मानित विभूतियों तथा जनप्रतिनिधियों का 209 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आगामी 30 जुलाई को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट करेगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के आमंत्रण पर राष्ट्रपति भवन तक पहुंचने जा रही बस्तर की यह गौरवगाथा न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक शक्ति और जनजातीय गौरव का प्रतीक है, बल्कि भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर भी है।

### धुरली क्रशर के समीप पलटी महेंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस, ड्राइवर-हेल्पर समेत 10-12 यात्री घायल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत धुरली क्रशर के समीप मंगलवार तड़के लगभग 4:30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रायपुर से बैलाडीला की ओर जा रही महेंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक सी जी 04 एन जेड 7924 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बस के चालक, हेल्पर सहित लगभग 10 से 12 यात्री घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही भांसी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस जवानों ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा, जबकि अन्य घायलों को परियोजना अस्पताल बचेली में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच जारी है और हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है। समय पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किए जाने से बड़ी जनहानि टल गई।

### पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने किया बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन, व्यापारियों को मिलेगी बेहतर सुविधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 जुलाई।** नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित किए जाने वाले बाजार शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि बाजार शेड के निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आम नागरिकों को भी व्यवस्थित बाजार का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास कार्यों के माध्यम से जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के व्यापारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य मथियास कुजूर एवं शंकरैया मांडवी, नगर पालिका के पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी तथा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यशाला में समरसता संकल्प और 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनआंदोलन बनाने का किया गया आह्वान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 28 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल सदन, बीजापुर में रविवार को श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक रूप से प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने, घर-घर तक पहुंचने और अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति दोनों ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।

उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व माता-पिता और गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। गुरु के आदर्शों का अनुसरण कर समाज में संस्कार, समरसता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गुज्जा वेंकट राव, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, सल्ला प्रताप, एर्रन्ना अनमुल, के जी सुधाकर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भैरमगढ़ की छात्राओं को मिला नए स्कूल भवन का तोहफा



**बीजापुर, 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विकासखंड भैरमगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है, जिससे अब छात्राओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त और बेहतर शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। अब तक विद्यालय भवन के अभाव में छात्राओं को अस्थायी एवं कच्ची पाठशाला में अध्ययन करना पड़ता था। बरसात सहित विभिन्न मौसमों में उन्हें पढ़ाई के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नए भवन के निर्माण से इन समस्याओं का समाधान हो गया है और छात्राओं को बेहतर आधारभूत सुविधाओं से युक्त विद्यालय उपलब्ध हुआ है। शिक्षा विभाग (डीपीआई) की स्वीकृति के तहत वर्ष 2025-26 में इस भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जो अब पूर्ण हो गया है। नवीन भवन में छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा, जिससे उनके शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए विद्यालय भवन से छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। यह भवन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# अपराध नियंत्रण के लिए एएसपी की नियुक्ति जरूरी पर की नहीं जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 जुलाई।** बलौदाबाजार भाटापारा संयुक्त जिला के भाटापारा को जिले के वरिष्ठ अधिकारी का एक पद एडीशनल एसपी का मिला था वह छिनता नजर आ रहा है क्योंकि पिछले दो ढाई वर्ष पूर्व शहर को एडीशनल एसपी की नियुक्ति अलग से की गई थी पांच थाना क्षेत्र व दो पुलिस चौकी का कार्य देख रहे थे जिससे भाटापारा व आसपास थाना क्षेत्रो मे कानून व्यवस्था व आपराधिक गतिविधियों मे नियंत्रण मे आसानी हो रही थी वहीं बीते दिनो यहां पदस्थ एडीशनल एसपी एच.एस.सिदार का तबादला कवर्धा कर दिया गया है उसके बाद से यहां का एडीशनल एसपी का पद रिक्त हो गया है ।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अब जिला मुख्यालय मे पदस्थ एडीशनल एसपी ही भाटापारा सहित 12 थाना क्षेत्र व 4 पुलिस चौकी का काम देखेंगे भाटापारा को ढाई तीन वर्ष पूर्व स्वतंत्र




रूप से जिले के वरिष्ठ अधिकारी की सौगात मिली थी वह वापस होती नजर आ रही है सूत्र बताते है कि अब केवल एक ही एडीशनल एसपी पूरे जिले का काम देखेंगे इस बाद भाटापारा फिर से एक बार उपेक्षित नजर आ रहा है क्योंकि जिला के रूप मे केवल नाम का टैग लगा है इसके अलावा कुछ भी नही बडी मुश्किल से एक पद पुलिस के बडे अधिकारी का मिला था वह भी वापस हो गया वैसे देखा जाय तो एडीशनल एसपी की पदस्थापना के बाद कानून व्यवस्था मे कसावट को भी महसूस किया गया वहीं भाटापारा शहर के लोग भी गौरवान्वित थे कि यहां भी जिले का वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति से शहर की व्यवस्थाओं मे सुधार के साथ समस्याओं का हल आसानी से होगा लेकिन अब यह पद भाटापारा के लिए समाप्त हो गया है यह शहर व क्षेत्रवासियों के लिए पीडादायक है ,वही लम्बे समय से पृथक से अपर कलेक्टर की स्थायी नियुक्ति की मांग की जा रही है लेकिन आज तक यह मांग पूरी नही हो पायी आज भी वही पुरानी प्रणाली चल रहा है कि सप्ताह मे प्रत्येक गुरुवार को अपर कलेक्टर का कोर्ट लगता है जहां राजस्व प्रकरण को देखा जाता है इसके अलावा शेष अन्य कार्यो के लिए बलौदाबाजार जिला मुख्यालय जाना पडता है ,वहीं ज्ञात हो कि तहसील आफिस परिसर मे एडीशनल एसपी ,और अपर कलेक्टर का अलग से कार्यालय बना हुआ है , किन्तु अधिकारियों की स्थायी नियुक्ति नही हो पा रही है और जो नियुक्ति हुई थी उसे यहां से वापस लिया जा रहा है । वैसे भी देखा जाय तो भाटापारा शहर की आबादी 80 हजार के आसपास है उसके बाद ग्रामीण क्षेत्र अलग से है वहीं अपराधिक गतिविधियों मे नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की यहां सख्त जरूरत है क्योंकि कोई भी बडी घटना व बडे अपराध पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन की जरूरत होती है इस लिहाज से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की तैनाती के बाद यहां की समस्याओं व कानून व्यवस्था मे कसावट कारगार साबित हो रही थी ।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के कांकेर आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने किया आत्मीय स्वागत

**कांकेर 28 जुलाई ।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार को सुबह जिला मुख्यालय के शासकीय विश्राम गृह पहुंचे। उनके आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी एवं कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री जायसवाल के साथ कांकेर पहुंचे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया एवं संचालक डॉ. संजीव झा का भी स्वागत किया गया।

## एक नजर

### कोसमर्रा स्कूल में किया गया साइकिल वितरण



**अंवरी,28 जुलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में 25 जुलाई को शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें शाला विकास समिति का शपथ ग्रहण विधि पुर्वक किया गया । पूर्व सदस्यों का विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को साइकिल वितरण किया गया साथ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य ,सिंधु बैस महिला बाल विकास सभापति जनपद पंचायत कुरूद, कुलेश्वर साहू सरपंच ग्राम पंचायत कोसमर्रा, दोमनलाल साहू प्राचार्य, उप संरपच हेमलाल, पूर्व सरपंच खोमेश्वर राव ,अध्यक्ष भूपेश साहू ,उपाध्यक्ष चंद्रकला साहू ,भगवानी राम, कृष्ण कुमार निषाद, लीलाराम साहू ,विमलेश्वरी ध्रुव, हेमीन साहू, नंदिनी बंजारे, लता कंवर ,मणीराम साहू ,ओम प्रकाश साहू, लोमन कंवर, नांदरी बंजारे, लता कंवर, सी आर साहू, बाल कृष्ण साहू, पुष्पेंद्र, संतोष, सीमा सोनी ,वासुदेव कुमार, नरेश कुमार ,रविंद्र बंधे, एम एस जांगड़े ,किरण मनहर, उत्तरा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे

### श्रम विभाग का पोर्टल फिर हुआ सुचारू

**रायगढ़, 28 जुलाई ।** श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल में पिछले कुछ दिनों से सर्वर संबंधी समस्या के कारण पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन में परेशानी आ रही थी। विभागीय डेटा को फिजिकल सर्वर से क्लाउड सर्वर पर माइग्रेशन के लिए 19 से 21 जुलाई 2026 तक पोर्टल पर कार्यों का संचालन भी स्थगित रखा गया था। पिछले एक सप्ताह से सर्वर में आ रही तकनीकी समस्या के चलते श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे थे। विभाग द्वारा तकनीकी समस्या का निराकरण कर 27 जुलाई 2026 से विभागीय पोर्टल को पुनः सुचारू कर दिया गया है। अब श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीयन सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य सामान्य रूप से संचालित होंगे। इससे श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने तथा आवश्यक कार्यों के लिए राहत मिलेगी।

### पालना सहायिका भर्ती की विज्ञप्ति निरस्त

**रायगढ़, 28 जुलाई ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) अंतर्गत पालना केन्द्र प्रेमनगर में पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी भर्ती विज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कार्यालय द्वारा 8 जुलाई 2026 को जारी सूचना के अनुसार पालना सहायिका के पद के लिए 9 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विज्ञप्ति में टंकण त्रुटि के कारण पालना केन्द्र प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 27 के स्थान पर वार्ड क्रमांक 28 अंकित हो गया था। इसी टंकण त्रुटि के चलते पूर्व में जारी विज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

### शासकीय माध्यमिक/प्राथमिक शाला परिसर कुर्रा में किया गया वृक्षारोपण



**अंवरी,28 जुलाई।** ग्राम पंचायत कुर्रा के शासकीय माध्यमिक प्राथमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । बॉटल पाम 5 नग,अशोक वृक्ष 4 नग, मूनगा 2 नग,आम 2नग के साथ,फूल पौधे रोपित कर पर्यावरण को सुंदर, स्वस्थ बनाने संकल्प लिया गया,जिसमे जनपद पंचायत कुरूद के सदस्य सिंधु बैस जी , रुमान कुर्रे जी के साथ साथ ग्राम पंचायत - कुर्रा के सरपंच श्रीमती धरमिन यादव जी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री नंदकुमार दिवान जी, श्रीमती खेमेश्वरी कंवर जी,प्रधान पाठक श्री अशोक निर्मल सर, श्रीमती बीतन साहू,श्री हुलेश चंद्राकर,श्री हरिलाल बर्मा श्री भुवन बैस,श्री भोज राम साहू,श्रीरामचंद पटेल, संतोषी पटेल,पंचायत सचिव आशीष बांधे रसोइया ,सहायिका श्रीमति पीला बाई आदि सभी सदस्य, ग्रामीणों बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिले में 463.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 28 जुलाई।** रायगढ़ जिले में 27 जुलाई तक 463.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 643.7 मिली मीटर, पुसौर में 487.8, खरसिया में 422.7, घरघोड़ा में 293.2, तमनार में 648.1, लैलूंगा में 386.6, मुकडेगा में 318.1, धरमजयगढ़ में 321.6, छाल में 498.8 एवं कापू में 610.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

#### मुख्यमंत्री के हाथों होंगे सम्मानित

# नीट परीक्षा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार के तीन विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जुलाई।** जिले के विकासखंड खरसिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार के तीन होनहार विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा-2026 में शानदार सफलता हासिल कर रायगढ़ जिले, अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए 28 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित भेंट-संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के हाथों राजू राठिया, धेनु राठिया और डिगेंद्र राठिया सम्मानित होंगे। आदिवासी अंचल से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले इन तीनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र







शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा दूरस्थ आदिवासी अंचलों में निवासरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं। रायगढ़ जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन का शानदार प्रदर्शन करते हुए नीट परीक्षा-2026 में सफलता हासिल की है। विद्यालय के राजू राठिया ने 720 में से 405 अंक, धेनु राठिया ने 375 अंक तथा डिगेंद्र राठिया ने 374 अंक प्राप्त किए हैं।आदिवासी अंचल से आने वाले इन विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और निरंतर अध्ययन के बल पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि उचित मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं।

### कलेक्टर ने दी बधाई

तीनों विद्यार्थियों की सफलता पर जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ पीजीटी श्री जवाहरलाल सिन्हा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी राजू राठिया, धेनु राठिया और डिगेंद्र राठिया को नीट में सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी है। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर मेहनत करने की प्रेरणा देगी।

# डीएमएफ मद से जिले में विकास कार्यों की रफ्तार हुई तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रयासों से रायगढ़ जिले में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक विकास एवं अधोसंरचना कार्यों के लिए डीएमएफ मद से कुल 13 कार्यों के लिए 10 करोड़ 86 लाख 53 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 12 कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपये तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्य के लिए 9 करोड़ 56 लाख 18 हजार रुपये शामिल हैं। स्वीकृत राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ आवासीय अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।12 गांवों में पेयजल व्यवस्था के लिए 1.30 करोड़ रुपये मंजूरडीएमएफ मद से स्वीकृत राशि का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रखा गया है। कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ के माध्यम से कुल 12 पेयजल संबंधी कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें ग्राम गोपालपुल, विकासखंड रायगढ़ में 19.20 लाख रुपये, विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम नावागांव में 18.19 लाख रुपये, ग्राम कापू में 9.97 लाख रुपये, ग्राम कुड़ेकेला में 9.99 लाख रुपये, ग्राम किरीया में 9.98 लाख रुपये, ग्राम हाटी में 9.74 लाख रुपये, ग्राम बंधापाली में 4.53 लाख रुपये, ग्राम गोलाबुड़ा में 9.85 लाख रुपये, ग्राम बोजिया में 9.18 लाख रुपये, ग्राम-अमलीटीकरा में 9.99 लाख रुपये तथा पत्थलगांव खुर्द में 9.98 लाख रुपये एवं तमनार विकासखंड के ग्राम जीवरी में 9.75 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से अजय की बदली राह, एक कॉल पर समस्या का हुआ समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जुलाई।** शासन की जनहितकारी पहल मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान का भरोसेमंद माध्यम बन रही है। इसका एक प्रेरक उदाहरण रायगढ़ जिले में देखने को मिला, जहां विकासखंड लैलूंगा के ग्राम दर्रीपारा- गहनाझरिया निवासी दिव्यांग हितग्राही अजय शंकर चौहान की शिकायत पर समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई। इससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है।

अजय शंकर चौहान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में बताया था कि दिव्यांगता के कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों और आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। शिकायत मिलते ही कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ ने प्रकरण का परीक्षण कराया, पात्रता की प्रक्रिया पूरी की और उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने के बाद अजय शंकर चौहान ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अपने दैनिक कार्य अधिक सहजता से कर सकेंगे और आने-जाने के लिए दूसरों पर निर्भरता भी काफी कम हो जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और समाज कल्याण विभाग का आभार जताते हुए कहा कि उनकी समस्या का समय पर समाधान मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का भी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जुलाई।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिलेभर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम उच्चभिट्ठी निवासी पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में उनका दाहिना पैर टूट गया है और चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी है। उपचार में लगभग 2 लाख रुपये का खर्च आने की संभावना है, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा वे अंत्योदय राशन कार्डधारी हैं। इस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्रता के अनुसार उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाते हुए उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसी प्रकार ग्राम बैकुंठपुर की अनुपमा यादव ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन किया था, जिसे घोषणा-पत्र के अभाव में निरस्त कर दिया गया। पुनः आवेदन करने के बाद उन्होंने योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने श्रम विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर पात्रता अनुसार लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम तेलीपाली के ग्रामीणों ने मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में मानव-दिवस की कटौती की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम शंकरपाली के महेत्तर दास ने अतिक्रमण हटाने, मत्स्य पालन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी मनीराम कुर्रे ने लंबित देयकों के भुगतान, ग्राम लिबरा की विमला चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम पंचायत रुड्डकेला के ब्रह्मानंद सा ने पुलिया निर्माण में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कारगिल विजय दिवस समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहीद वीरों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा,28 जुलाई।** जय स्तंभ चौक स्थित भारत माता परिसर में आयोजित 28वें कारगिल विजय दिवस समारोह में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कारगिल युद्ध में देश की संप्रभुता और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य शौर्य, साहस एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया।समारोह में देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों के सम्मान में शहीद परिवारों का सम्मान किया गया।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण करने का दिन नहीं, बल्कि भारत के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का अवसर है। हमारे वीर जवानों ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अद्भुत पराक्रम का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा की। उन्होंने अपने प्राणों की चिंता किए बिना तिरंगे की आन, बान और शान के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया आज की युवा पीढ़ी को कारगिल के वीरों के जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के ईमानदारीपूर्वक निर्वहन में दिखाई देती है। हमें अपने देश, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेना चाहिए। समारोह में उपस्थित जनों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# बैठक में ग्रामीणों ने असामाजिक कामों को रोकने के लिए खुद ही प्रयास करने का फैसला किया

**रायपुर,28 जुलाई ।** शासन - प्रशासन से गुहार पर गुहार के बाद भी असामाजिक गतिविधियों पर रोक नहीं लगने से जहां क्षुब्ध मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम नारा के ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर इस पर शिकंजा कसने का सर्वसम्मत निर्णय लिया है वहीं नजदीकी ग्राम टेकारी में ग्रामीण व्यवस्था के तहत इस पर रोक लगाने का निर्णय ले लिप्त तत्वों को इससे तौबा करने की आग्रह के बाद विघ्नसंतोषी तत्वों पर गुपचुप तरीके से निगरानी रखा जा रहा है ।ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्रामों में असामाजिक तत्व हावी हो चले हैं । गुहार पर गुहार के बाद भी शासन - प्रशासन इस पर प्रभावी रोक लगा पाने में सफल नहीं हो पा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है । अवैध शराब व गांजा सहित नशीली गोलियां बिकने व जुआ की भी शिकायत क्षेत्र में है । छुटपुट चोरी की घटनाओं की भी शिकायत है । इन सब के मद्देनजर आक्रोशित क्षेत्र के कई ग्रामों के ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत इस पर शिकंजा कसने का निर्णय ले इस पर अमल करना शुरू कर दिया है जिसमें ग्राम नारा व टेकारी भी शामिल हो गया है ।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कमला नेहरू उद्यान में श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जुलाई।** रायगढ़, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर सोमवार सुबह कमला नेहरू उद्यान में के.के. फिल्म्स एवं रायगढ़ दृष्टि संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मिसाइल मैन के विचारों, मार्गदर्शन और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद कर युवा पीढ़ी को प्रेरणा देना था।

### पुष्पांजलि एवं 2 मिनट का मौन

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब के चित्र पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने 2 मिनट का मौन रखकर महापुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की। शंख ध्वनि और गीता के श्लोकों के साथ पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।



**विचार गोष्ठी-**÷कलाम के सपनों का भारत

सभा में वक्ताओं ने डॉ. कलाम के शिक्षा, विज्ञान, युवाओं और राष्ट्रसेवा संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ÷सपने वो नहीं जो हम सोते हुए देखें, सपने वो हैं जो हमें सोने न दें यह कलाम जी का मंत्र आज भी हर युवा के लिए प्रेरणा है। वक्ताओं ने आह्वान किया कि हम सभी डॉ. कलाम के बताए मार्ग पर चलकर विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करें।डॉ. कलाम के नाम पर विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का सम्मान इस अवसर पर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब के नाम पर समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

**सम्मानित विभूतियां दीपक डोरा अग्रवाल** - देवकी रामधारी फाउंडेशन, चेयरमैनविमल मित्तल एम.डब्ल्यू.एस. प्रमुख राजेश अग्रवाल रारियन, नवनीत गोयल व्यवसायी, सुदेश पांडेय मारूति लखीराम अग्रवाल ज्वेलर्स, मीनू राम बोहिदार, रमेश अग्रवाल समाजसेवी,कैलाश अग्रवाल तुलसी डिजिटलमनोज अग्रवाल,विजय अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,राजेन्द्र खालसा, पुरुषोत्तम अग्रवाल पी.डी.चन्द्रकान्त पंजाबी बीनू पालीवाल,कमल किशोर शर्मा छायाकार, के.के. फिल्म्स डायरेक्टर सम्मानित संस्थाओं में वरिष्ठ नागरिक सामाजिक उत्तरदायित्व, खेल और योग, सामाजिक विकास, मार्निंग वॉक सोसाइटीज, नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड एवं महिला मंडल सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं एवं महिलाएं शामिल रहीं।

कमल शर्मा ने साझा की कलाम जी से मुलाकात कार्यक्रम में के.के. फिल्म्स डायरेक्टर कमल किशोर शर्मा ने डॉ. कलाम से हुई अपनी यादगार मुलाकात को साझा किया। उन्होंने बताया कि डॉ. कलाम ने उनकी फोटोग्राफी की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रेरित किया था।

समाज में प्रेरणा का संदेश आयोजकों ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, ईमानदारी और कड़ी मेहनत का प्रतीक है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के युवाओं और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक नजर

## विश्व रेडियो श्रोता दिवस पर नगर में आयोजित रेडियो श्रोता सम्मेलन में रेडियो के महत्व पर हुई चर्चा



**सिमगा 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रेडियो श्रोता दिवस के अवसर पर 23 जुलाई 2026 को सिमगा में रेडियो श्रोता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सिमगा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रेडियो श्रोता शामिल हुए। इस अवसर पर भाटापारा के वरिष्ठ रेडियो श्रोता बचकमल जी अस्वस्थ होने के बावजूद आधुनिक संचार माध्यम मोबाइल के जरिए कार्यक्रम से जुड़े और उपस्थित श्रोताओं को अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि आज भी रेडियो सुदूर अंचलों तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचाने का सबसे सशक्त एवं विश्वसनीय माध्यम है। उन्होंने सभी श्रोताओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद भी प्रदान किया। सम्मेलन में डॉ. प्रदीप जैन, लवकुश सेन, रमेश यादव, ददुआ साहू, भगवानी सेन, प्रदीप चंद्र, मनोज निषाद, सविता जैन, भारती सेन, देवेंद्र जैन सहित अनेक रेडियो प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने रेडियो की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार पर बल दिया तथा कार्यक्रम की सराहना करते हुए एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया।

## अवैध शराब के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने के सामने धरना देकर सख्त कार्रवाई की मांग की



**सिमगा 28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को सिमगा थाना के सामने आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल सरपंचों ने आरोप लगाया कि गांव-गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है, जिससे युवाओं और छोटे बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई कर अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह बंद कराने की मांग की। प्रदर्शन को सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू लाल भाटिया ने समर्थन देते हुए कहा कि अवैध शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने भी आंदोलन का समर्थन किया। वहीं सिमगा थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने बताया कि पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पिछले 3 से 4 महीनों में 59 कार्रवाई की गई हैं।

## खण्ड स्तरीय बैंकर्स बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**बलौदाबाजार,28 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋृण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋृण किसान क्रेडिट कार्ड,डेयरी व्यवसाय, मछली पालन,पीएम स्वानिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई. अग्रणी जिला प्रबंधक शिव कुमार कंवर ने सभी बैंकों को निर्देशित किये कि शासकीय योजना के पुराने खातें जिसमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं ऐसे डीफ (ष्ठश्वन्)खातें केवायसी लेकर संचालन में लाएं अथवा खाता बंद कर राशि अन्य शासकीय योजना के खातों में जिला कोषांलय अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर स्थानांतरित करें. डिजि़टल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन में आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें।

# मोहारा वार्ड विजिट में आयुक्त ने एसएलआरएम सेन्टर एवं पुन्नी मेला स्थल का किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** वार्डो मे स्वास्थ्य सेवाओ का जायजा लेने की कडी में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम आज सुबह मोहारा वार्ड में साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंनें वार्ड पार्षद व शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती के साथ मोहारा मेला स्थल तथा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर स्वच्छता दीदीयो से कचरा संग्रहण एवं कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर चर्चा किए। आयुक्त श्री मरकाम मोहारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेन्टर की स्वच्छता दीदीयो से घरो से किये जा रहे कचरा संग्रहण तथा सेन्टर में होने वाली कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर उनके चर्चा किए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सत्प्रतिशत घरो में जाकर कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करे, घर में गीला सुखा कचरा अलग अलग रखने समझाईस देवे, इसके अलावा सभी घरो से यूजर चार्ज लेवे। उन्होंने कचरा पृथककर के सबंध मे भी चर्चा कर चरणबद्ध कचरे का निपटान करने सेन्टर में साफसफाई रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेन्टर या उसके आस पास जल भराव को आयुक्त ने खडे होकर सफाई करा निकासी कराए। उन्होने कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे को सेन्टर के जल भराव क्षेत्र में मुरूम डस्ट डालकर समतलीकरण करने के निर्देश दिए। पुन्नी मेला स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त ने मेला एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में वार्ड पार्षद श्री आलोक श्रोती से जानकारी लिए। उन्होंने मेला स्थल की समुचित साफसफाई भी कराई तथा तटबंध के पास घाट की पचरी व नदी किनारे भी साफसफाई करा कटिली झाडी कटाई गयी। तटबंध के किनारे जमे मिट्टी के संबंध मे उन्होंने जानकारी ली, वार्ड पार्षद ने जानकारी दी कि तटबंध बनाने समय नदी से निकले मिट्टी तटबंध के किनारे छोडने पर मिट्टी जमने की वजह से नदी में बहकर आने वाली गाद एवं कचरा वहा फस कर रूक जाता है, इस पर आयुक्त ने इसके निदान के लिए जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर समस्या का निदान कराने कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किए। इस दौरान उन्होंने जल संयंत्रगृह में एलम का भण्डारण देख एलम का पर्याप्त भण्डारण के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही टंकियो के आस पास सफाई व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी आदि उपस्थित थे।

# गांवों के समग्र विकास से ही विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प होगा साकार:सीएम साय



**रायपुर, 28 जुलाई।** ग्राम पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। यदि ग्राम पंचायतें सशक्त हों, गांव आत्मनिर्भर बनें और प्रत्येक ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सहभागी बने, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प वास्तविक रूप ले सकेगा।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित एसआईआरडी परिसर, निमोरा में आयोजित प्रदेश के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्राम पंचायतें जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव बनाने का सबसे प्रभावी मंच हैं। अधिकारियों को संवेदनशीलता, ईमानदारी और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों का विश्वास जीतना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि शासकीय योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव का प्रत्येक नागरिक स्वयं विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बने। उन्होंने प्रत्येक जिले में ऐसे गांवों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां जनभागीदारी, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रभावी योजना के माध्यम से आदर्श विकास मॉडल विकसित किए जा सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 1 जुलाई से लागू विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों और गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का निर्माण प्राथमिकता से किया जाए। इसके माध्यम से जल संरक्षण, कृषि, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका और सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए। जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग ही स्थायी विकास का आधार है। उन्होंने प्रत्येक जिले में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने तथा वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। छत्तीसगढ़ में अब तक 10 लाख 40 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब सरकार उन्हें उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार से जोड़कर बड़ी संख्या में करोड़पति दीदी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

उन्होंने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्व-सहायता समूहों, कौशल विकास, आजीविका गतिविधियों और नई औद्योगिक नीति से उत्पन्न अवसरों से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बस्तर संभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन गांवों तक कभी पहुंचना कठिन था, वहां अब सड़क, बिजली, आवास, राशन, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित सभी योजनाओं के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए तथा पंचायत स्तर पर प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। पंचायत स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाए।

## स्कूली विद्यार्थियों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी, सुरक्षित यातायात का दिलाया गया संकल्प

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात अधिकारी सहायक उप निरीक्षक कुंज लाल साहू, शरद मसीह, प्रधान आरक्षक खम्हन सिन्हा ल,तथा आरक्षक सोमेश सिंह, रविकांत देवांगन एवं संदीप कुर्रे द्वारा रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल , बाल भारती पब्लिक स्कूल, गुरु नानक स्कूल, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल, वेसलियन स्कूल, वाइडनियर स्कूल एवं जेएमजे स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं। साथ ही सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, यातायात संकेतों एवं सिग्नलों का पालन करने तथा अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।


### शपथ पत्र

मैं प्रमोद कुहरामी पिता छन्नू कुहरामी उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कोलनार, तहसील- भैरमगढ़, जिला- बीजापुर, (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि:-

मैं ग्राम- कोलनार, तहसील- भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।

मेरा पुराना नाम पारो कुहरामी है और मैं अपना नाम बदलकर प्रमोद कुहरामी करवाना चाहता हूं।

मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायलय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी, के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

प्रमोद कुहरामी
शपथकर्ता

सत्यापन

मैं प्रमोद कुहरामी पिता छन्नू कुहरामी उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कोलनार, तहसील- भैरमगढ़, जिला-बीजापुर, (छ.ग.) सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 की अर्न्तवस्तु मेरे व्यक्तिगत ज्ञान व विश्वास में सत्य व सही है। आज दिनांक 22/06/2026 को स्थान बीजापुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।

प्रमोद कुहरामी
शपथकर्ता


## पूर्व सैनिक पन्नालाल ने सांसद,विधायक को ज्ञापन सौंप कर युवाओं को ऊंचाई में छूट दिलाने की मांग की



**रायपुर 28 जुलाई।** रायपुर के जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के 55 विद्यार्थीयों के साँथ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बसना में नवनिर्मित वार मेमोरियल के लोकार्पण पर उपस्थित हुए द्य इस अवसर पर जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण कौशिल्या माता विहार सेक्टर 13 रायपुर के संस्थापक पूर्व सैनिक श्री पन्नालाल सिन्हा ने महासमुंद के सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी एवं बसना के विधायक श्री संपत अग्रवाल जी को छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ज्ञापन सौंपा उस ज्ञापन में यह मांग किया गया था,कि आर्मी, नेवी, एयरफोर्स,सीआरपीएफ बीएसएफ सीआईएसएफ एवं पुलिस, तथा वनरक्षक मे भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के युवा - युवतियों को अन्य राज्य की तरह जैसे असम,नागालैंड मिजोरम, मणिपुर नेपाल को ऊचाई मे छूट दिया जाता है, उसी प्रकार से यहाँ के विद्यार्थियों को भी छूट मिले द्य क्योंकि छत्तीसगढ़ के खान पान ऐसा है द्य जिससे लोगों का ऊचाई बढ़ नहीं पता है द्य वैसे भी छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है द्य ज्ञापन लेते हुए सांसद महोदया ने पूर्व सैनिक पन्नालाल सिन्हा को विश्वास दिलाया की सांसद मे इस विषय पर बात रखेंगे द्य यह बहुत अच्छी पहल है द्य इसी तरह बसना विधायक ने ज्ञापन को पढ़ कर विधान सभा मे इस विषय को रखने का आश्वासन दिया द्य इस वर्ष कारगिल विजयदिवस पर जय श्री निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के 55 स्टडेंट्स संस्थापक पूर्व सैनिक पन्नालाल सिन्हा ने बसना पहुंच कर देश भक्ति के लिए देश के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी । कारगिल के वीर योद्धाओ को सैल्यूट ।

## आंध्रप्रदेश की ऑयल फैक्ट्री में बंधक 9 मजदूरों की जिला प्रशासन की तत्परता से हुई सकुशल घर वापसी

**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने एक बार फिर संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए आंध्रप्रदेश में बंधक बनाकर रखे गये जिले के 9 मजदूरों को सकुशल वापस लाने में सफलता प्राप्त की है। सोमवार को सभी 9 सदस्यों ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाक़ात की और सकुशल घर वापसी पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जिले के किसी भी नागरिक की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई भी व्यक्ति रोजगार के नाम पर शोषण, बंधक बनाए जाने अथवा किसी अन्य प्रकार की परेशानी का सामना करता है तो वह तत्काल जिला प्रशासन को इसकी जानकारी दें। सम्पर्क केंद्र नंबर 92018-99925 पर भी सम्पर्क करके जानकारी दे सकते है। ऐसे मामलों में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।


### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526430103900294

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी गैंदराम पिता परषोत्तम देवांगन पता-शंकर नगर, दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1279/4 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिनेश कुमार देवांगन पिता स्व. गैदराम देवांगन पता-शंकर नगर दुर्ग, विजय कुमार देवांगन पिता स्व. गैंदराम देवांगन पता-शंकर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
तहसील दुर्ग



### कार्यालय नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

FAX-07786-242260
Email- cmokondagaon.2010@rediffmail.com
क्रमांक/2140/न.पा./राजस्व/2026
कोण्डागांव- दिनांक 27/07/2026

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री सत्यप्रकाश बारले पिता श्री कमलेश कुमार बारले, निवासी-भेलवापदर पारा वार्ड क्र. 12 कोण्डागांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि वर्तमान में भेलवापदर पारा वार्ड क्र. 12 कोण्डागांव पर बने मकान का समेकित कर एवं अन्य करों में नाम श्री उमेश सागर पिता श्री रामनाथ सागर के नाम दर्ज है। उक्त मलमामय मकान का क्रय-विक्रय होने के पश्चात् आगामी में नगरपालिका के द्वारा आरोपित किये गये समेकित कर व अन्य कर श्री सत्यप्रकाश बारले पिता श्री कमलेश कुमार बारले के नाम से कर आरोपित करने हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र, इकरारनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उपरोक्त संबंध में सुनवाई दिनांक 10-8-2026 तक कार्यालय में नियत की गई है। जिस किसी व्यक्ति को अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना दावा आपत्ति स्वंय अपने अभिभावक के माध्यम से उक्त दिनांक को या उनके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 27-7-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव



### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607095200002

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026
देवकट्टा प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुनती कंवर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनती कंवर पति स्व. मनोहर कंवर जाति कंवर सा. देवकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका अपने पति स्व. मनोहर कंवर आ. पुरन की मृत्यु दिनांक 04.04..2024 को ग्राम देवकटटा में हुआ है के नाम पर मृत्यु तिथि दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत देवकट्टा का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 29.07.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़


# राजनांदगांव ने जीती कुपोषण के खिलाफ बड़ी जंग

- जिले की 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त
- 1184 केंद्रों में एक भी गंभीर कुपोषित बच्चा नहीं
- जिला प्रशासन ने बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में किए कार्य
- पोट्ठ लईका अभियान के जनसहभागिता एवं विभागों के समन्वित प्रयासों के मिले सुखद परिणाम
- बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** कुपोषण मुक्त राजनांदगांव की दिशा में जिला प्रशासन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) तथा पोट्ठ लईका अभियान के संयुक्त एवं सतत प्रयासों से जिले के 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इसके साथ ही जिले के 1184 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब एक भी गंभीर कुपोषित अथवा गंभीर कम वजन श्रेणी के बच्चे नहीं है। यह उपलब्धि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में कार्य किए गए। कुपोषण के खिलाफ टीमवर्क, जनभागीदारी और सतत प्रयासों के सुखद परिणाम प्राप्त हुए। जिले के प्रत्येक बच्चे को लक्षित करते हुए स्वस्थ, सुपोषित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।

### घर-घर पहुंची पोषण की मुहिम, मिला सकारात्मक परिणाम-

इस सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें संतुलित आहार, स्तनपान एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। पोट्ठ लईका अभियान के तहत घर-घर जाकर बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन का नियमित वितरण तथा पोषण शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया। वहीं एनआरएलएम की समूह दीदियों ने रेडी-टू-ईट पोषण आहार तैयार करने, पोषण जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहयोग को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

### अब मध्यम कुपोषण पर होगा विशेष फोकस -

जिले में वर्तमान में 1514 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिला प्रशासन ने अब शेष मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। लक्ष्य है कि 15 अगस्त 2026 तक 350 और आंगनबाड़ी केंद्र तथा 2 अक्टूबर 2026 तक 551 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त घोषित किए जाएं। प्रशासन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को कुपोषण मुक्त बनाना है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक. 1767/NIT-16/2026-27/व.ले.लि. नवा रायपुर दिनांक 24/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 16 T0059 | Electrification work in Sub Post office at District Court Balodabazar Dist Balodabazar CG प्रथम आमंत्रण | 2.18 |
| 16 T0060 | Electrification work to of High School at Sundravan, Block Kasdol Dist Balodabazar CG प्रथम आमंत्रण | 7.79 |
| 16 T0061 | Electrification to 1 No F Type Residential Quarter for Judicial Officer at Bhatapara Dist Balodabazar Bhatapara CG प्रथम आमंत्रण | 4.23 |
| 16 T0062 | Electrification in Legal AID Defense Council, Mediation Center first AID Clinic and E Seva Kendra at Existing building Pakshakar Shed of Dist Court Campus and Electrical panel for Dist Court Balodabazar CG प्रथम आमंत्रण | 4.05 |

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 06/08/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक है। निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है ।

शर्ते :- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.

जी-262702377/3

